दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
वर्ष: 2 | अंक: 202 जयपुर, रविवार, 02 जुलाई, 2023 | आषाढ़, शुक्ल पक्ष- चतुर्दशी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

## जरूरी खबर

### निवाई में चार इंच से ज्यादा बारिश हुई



**जयपुर।** मानसून अगले तीन-चार दिन उत्तरी और पश्चिमी में कुछ स्थानों पर नरम रुख अपनाएगा। टोंक बीकानेर, चित्तौड़गढ़ और बांसवाड़ा जिलों में कई जगह तेज बारिश हुई। इन जिलों में तेज बारिश के साथ 50-60 किमी की गति से हवाएं भी चलीं। पिछले 24 घंटों में जयपुर के जमवारामगढ़, सवाई माधोपुर के खंडार में भी बारिश हुई है। सबसे ज्यादा 109 एमएम बरसात निवाई (टोंक) में दर्ज हुई। मौसम विभाग ने राज्य में अगले 24 घंटों के दौरान दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के जिलों में भी मध्यम बारिश होने का अनुमान है।

### विवादों में रहे डॉ. देव स्वरूप को फिर बनाया वीसी



**जयपुर।** प्रदेश की बाबा आमटे दिव्यांग विवि जामडोली में शनिवार को विवादों में रहे डॉ. देव स्वरूप को पहला कुलपति नियुक्त किया गया। राज्यपाल ने आदेश जारी कर डॉ. स्वरूप को 3 वर्ष के लिए नियुक्ति दी है। बता दें, प्रथम कुलपति की नियुक्ति सरकार की संस्तुति पर होती है। डॉ. देव स्वरूप को प्रदेश में तीसरी बार नियुक्त किया गया है। वे अब तक एक बार भी कार्यकाल पूरा नहीं कर पाए। राजस्थान यूनिवर्सिटी और भीमराव अंबेडकर विधि विवि से विवादों के चलते इस्तीफा देना पड़ा था।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**कन्हैयालाल दर्जी के हत्यारों की गिरफ्तारी का मुद्दा: केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान से उपजा विवाद**

# भाजपा के हलकों में चर्चा... किसने किया गृह मंत्री को गुमराह!

बेधड़क | जयपुर

उदयपुर में कन्हैयालाल दर्जी के हत्यारों को किसने गिरफ्तार किया? केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के उदयपुर दौरे के बाद यह सवाल राजनीतिक गलियारों में तेजी से चल रहा है। दरअसल, उन्होंने यह कहा था कि कन्हैया के हत्यारों को एनआईए ने पकड़ा था। जबकि दो आरोपियों को राजस्थान पुलिस ने और अन्यों को बाद में एनआईए ने गिरफ्तार किया था। अब सवाल यह है कि देश के गृह मंत्री को आखिर किसने गलत तथ्य उपलब्ध करवाए। जानकारों के अनुसार ज्यादातर राजनीतिक सभाओं और कार्यक्रम में स्थानीय नेताओं की तरफ से तथ्य उपलब्ध करवाए जाते हैं, जिन्हें केन्द्रीय नेता अपने भाषण में उपयोग कर सकें। शाह को भी यह जानकारी स्थानीय भाजपा नेताओं की तरफ से भेजी गई थी।



### यह बोले थे शाह

उदयपुर दौरे पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दावा किया कि कन्हैयालाल के हत्यारों रियाज अत्तारी और गौस मोहम्मद को एनआईए ने पकड़ा और गहलोत सरकार ने कुछ नहीं किया। गहलोत हत्यारों को तो पकड़ना भी नहीं चाहते थे, एनआईए ने पकड़ा और गहलोत झूठ बोलते हैं कि कार्रवाई नहीं हुई। मैं डंके की चोट के साथ कहता हूं कि स्पेशल कोर्ट में सुनवाई की होती तो हत्यारे फांसी पर लटक चुके होते।

### यह बोले स्थानीय नेता

भाजपा के स्थानीय नेताओं का कहना है कि पार्टी की तरफ से एनआईए द्वारा कन्हैयालाल के हत्यारों को पकड़े जाने की जानकारी भेजी गई थी। जिन दो मुख्य आरोपियों को लेकर तथ्य भेजे गए थे। उसमें रियाज अत्तारी और गौस मोहम्मद को स्थानीय लोगों द्वारा पकड़ने की जानकारी दी गई थी। शायद शाह के बोलने में यह चूक हुई है। वैसे, शाह की इस चूक ने घर बैठे कांग्रेस को एक मुद्दा दे दिया है।

### गहलोत ने कहा- जिम्मेदार पद वालों से यह उम्मीद नहीं

अमित शाह के कन्हैया हत्याकांड को लेकर दिए गए बयान पर सीएम गहलोत ने कहा था कि शाह झूठ बोल रहे हैं।उन्होंने ट्वीट कर कहा कि यह उम्मीद की जाती है कि जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग आतंकवाद जैसे मुद्दे पर राजनीति नहीं करेंगे, परन्तु शाह ने जो किया वह एक गैर जिम्मेदाराना कार्य है। शाह ने झूठ बोला कि कन्हैया के हत्यारों रियाज और गौस मोहम्मद को एनआईए ने पकड़ा, जबकि सत्य यह है कि इन्हें घटना के महज 4 घंटों में पुलिस ने पकड़ लिया था। यह दुखद घटना 28 जून 2022 को हुई थी, जबकि एनआईए को इस केस की फाइल 2 जुलाई 2022 को ट्रांसफर हुई।

**राजस्थान के भाजपा संगठन में हुआ फेरबदल**

# 29 सदस्यों की टीम में साधी सोशल इंजीनियरिंग

बेधड़क | जयपुर

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने शनिवार को प्रदेश पदाधिकारियों की नई टीम की घोषणा की। इसमें 11 प्रदेश उपाध्यक्ष, 5 महामंत्री व 11 प्रदेश मंत्री के साथ ही एक-एक कोषाध्यक्ष व सह कोषाध्यक्ष की नियुक्ति कर कुल 29 नामों की घोषणा की है।

खास बात यह है कि पहली बार भाजपा के संगठन में 'बाबा' की एंट्री हुई है। अलवर से सांसद बाबा बालकनाथ योगी को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं इस सूची में उन नेताओं को भी शामिल किया गया है, जो किसी भी विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय भूमिका में नहीं हैं। जाहिर है, उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव में टिकट की दौड़ में नहीं माना जा रहा है।

कुछ पदाधिकारियों का संगठन में प्रमोशन किया गया है। इस सूची में सोशल इंजीनियरिंग का भी पूरा ध्यान रखा गया है। नामों की घोषणा से पहले दिल्ली में करीब 15 दिन तक मंथन करने के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष के निर्देश पर इस सूची में नामों को अंतिम रूप दिया गया है।


- सांसद योगी की संगठन में पहली बार एंट्री प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया
- 11 प्रदेश उपाध्यक्ष, 5 महामंत्री व 11 प्रदेश मंत्री
- तीन सांसद और दो पूर्व सांसदों को मिली जगह



बाबा बालक नाथ



प्रभुलाल सैनी



सुखबीर सिंह जौनपुरिया



दीया कुमारी

### ये बनाए गए प्रदेश उपाध्यक्ष

सांसद बाबा बालकनाथ योगी, सुखबीर सिंह जौनपुरिया, सीआर चौधरी, नारायण पंचारिया, सरदार अजयपाल, मुकेश दाधीच, संतोष अहलावत, चुन्नीलाल गरासिया, प्रभु लाल सैनी, जितेंद्र गोठवाल और श्रवण सिंह बगड़ी।

### ये महामंत्री नियुक्त

भजनलाल शर्मा, सांसद दीया कुमारी, जगबीर छावा, दामोदर अग्रवाल और मोती लाल मीणा।

### ये हैं प्रदेश मंत्री व कोषाध्यक्ष

विजेंद्र पूनिया, प्रियंका मेघवाल बालान, वासुदेव चावला, भानु प्रताप सिंह, नीलम गुर्जर, डॉ. महेंद्र कुमावत, हीरालाल नागर, सांवलाराम देवासी, अनंतराम बिश्नोई, कृष्णा कटारा और पिंकेश पोरवाल। इसके अलावा पंकज गुप्ता को कोषाध्यक्ष और डॉ. श्याम अग्रवाल को सह कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

### लंबे इंतजार के बाद हुई घोषणा

इससे पहले वर्ष 2019 अगस्त माह में आमेर से विधायक सतीश पूनियां को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया था। मदनलाल सैनी के निधन के बाद पूनियां के नाम पर मुहर लगी थी। पूनियां का कार्यकाल पूरा होने के बाद सीपी जोशी को 23 मार्च को प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया था। तब से ही नई कार्यकारिणी का इंतजार था। पूनियां ने करीब तीन साल पहले कार्यकारिणी घोषित की थी। उसमें सरदार अजयपाल सिंह, चंद्रकांता मेघवाल, सीपी जोशी, डॉ. अलका सिंह गुर्जर, हेमराज मीणा, प्रसन्न मेहता, मुकेश दाधीच, माधोराम चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष थे। इसके अलावा विधायक मदन दिलावर, भजनलाल शर्मा, सांसद दीया कुमारी व सुशील कटारा को प्रदेश महामंत्री थे।

### कोई मुस्लिम चेहरा शामिल नहीं

सूची में किसी मुस्लिम चेहरे को जगह नहीं दी गई है। हालांकि, सरदार अजयपाल को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर बरकरार रखा गया है। वहीं जानकारों की मानें तो इस सूची में किसी भी भाजपा नेता की छाप देखने को नहीं मिली है। सभी जाति और क्षेत्र का हिस्सा दिया गया है।

## राज्यपाल ने सीएम से मिलकर पूछी कुशलक्षेम



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास पर सीएम अशोक गहलोत से मिल उनकी कुशलक्षेम पूछी और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना भी की। इस दौरान सीएम गहलोत ने राज्यपाल को उनके जन्मदिन की बधाई दी और उनकी दीर्घायु की कामना की। राज्यपाल मिश्र सीएम गहलोत के साथ करीब एक घंटे तक रहे। इस दौरान उन्होंने राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी मुख्यमंत्री से संवाद किया।

### लुसाने डायमंड लीग में नीरज चोपड़ा शीर्ष पर रहे



**लुसाने।** ओलंपिक चैम्पियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग के लुसाने चरण में शुक्रवार को 87.66 मीटर की दूरी के साथ लगातार दूसरी बार शीर्ष स्थान हासिल किया। चोट के कारण लगभग एक महीने तक खेल से दूर रहे नीरज हालांकि अपने 90 मीटर के अपने व्यक्तिगत लक्ष्य को हासिल करने से एक बार फिर चूक गए।

लुसाने में स्वर्ण पदक जीतने वाला उनका यह प्रयास करियर के शीर्ष 10 प्रदर्शन के बाहर था। चोपड़ा ने पिछले महीने मांसपेशियों में खिंचाव के कारण तीन शीर्ष स्पर्धाओं में भाग नहीं लिया था। उन्होंने दोहा में डायमंड लीग जीती थी।

**48 साल में पहली बार हुआ ऐसा**

## वनडे विश्व कप से बाहर हुई दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज



एजेंसी | हरारे

एकदिवसीय विश्व कप के क्वालीफाइंग मुकाबले के सुपर सिक्स चरण में स्कॉटलैंड से सात विकेट की हार के साथ ही दो बार की चैम्पियन वेस्टइंडीज भारत में आगामी 2023 एकदिवसीय ओवर के विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ से शनिवार को बाहर हो गई। टूर्नामेंट के 48 वर्षों के इतिहास में यह पहली बार है कि 1975 और 1979 की चैम्पियन वेस्टइंडीज सीमित ओवरों के क्रिकेट में शीर्ष 10 टीमों में शामिल नहीं होगी। स्कॉटलैंड से पहले वेस्टइंडीज को ग्रुप चरण में सुपर ओवर तक चले मुकाबले में नीदरलैंड ने भी हरा दिया था। इतना ही नहीं, खराब प्रदर्शन के चलते पूर्व विश्व चैंपियन टीम को इसके बाद जिम्बाब्वे के खिलाफ भी शिकस्त मिली थी।

**प्रदेश कांग्रेस में बदलाव के कयास के बीच 'बेधड़क' इंटरव्यू**

# प्रदेशाध्यक्ष नहीं बन रहा... विधानसभा चुनाव में करूंगा काम: हरीश चौधरी

- बोले, संगठन में बदलाव नहीं हो रहा, यह परिवार है और सब एकजुट हैं
- राहुल के बाद प्रदेश के नेताओं व मंत्रियों से मुलाकात से बढ़ी सुगबुगाहट
- कहा, BJP नेता गलत तथ्यों के साथ जा रहे जनता के बीच

लोकेश ओला | बेधड़क

**जयपुर।** कांग्रेस के पंजाब प्रभारी हरीश चौधरी की हाल ही में हुई राहुल गांधी से मुलाकात के बाद प्रदेश के मंत्रियों व नेताओं के उनसे मिलने की सियासत में चर्चा गर्म है। कयास है कि चौधरी को प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिल सकती है। अलबत्ता, इसे नकारते हुए खुद चौधरी ने मौजूदा लीडरशिप के नेतृत्व में चुनाव में काम करने की बात कही। पेश है इस सियासी घटनाक्रम को लेकर 'सच बेधड़क' की हरीश चौधरी से हुई बातचीत के मुख्य अंश-

***Q राजस्थान में विधानसभा चुनाव नजदीक आ गए हैं किस तरह की तैयारी है?***

विधानसभा चुनाव आ गए हैं। कांग्रेस एकजुट होकर और अपने बेहतरीन पांच साल के कार्यों के साथ चुनावों में जाएगी और निश्चित रूप से सरकार बनाएगी।

***Q राहुल गांधी से मुलाकात में क्या आपने पंजाब प्रभार छोड़ने की बात कही?***

राजस्थान में चुनाव आ गए हैं। मेरा व्यक्तिगत तौर पर मानना है कि हम तमाम राजस्थान से जुड़े हुए लोगों को प्राथमिकता से विधानसभा चुनावों में अपना योगदान करना चाहिए। राजस्थान की जनता के बीच जाएंगे। साथ ही, राहुल गांधी की सोच और संदेश को जनता के बीच लेकर जाएंगे, इसमें सफल हो गए तो शत-प्रतिशत कांग्रेस की सरकार बनेगी।

***Q कयास है कि हरीश चौधरी राजस्थान कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष बनेंगे?***

हरीश चौधरी प्रदेश अध्यक्ष नहीं बनेगा। हरीश अभी जो लीडरशिप है, उसी के नेतृत्व में कार्यकर्ता के तौर पर राजस्थान के विधानसभा के चुनावों में कार्य करेगा।

***Q सरकार ने नए जिले बनाए हैं, लेकिन कुछ जगह विरोध है?***

जो नए जिले बनाए हैं, उनमें कुछ जिलों में विरोध हो रहा है, वहां सरकार जन भावना को ध्यान में रखते हुए समस्या का समाधान निकाल रही है। सरकार के कामकाज पर जनता को विश्वास है। निश्चित रूप से कांग्रेस सरकार रिपीट होगी।



***Q दो दिन से कांग्रेस के मंत्री और नेता आपसे मुलाकात कर रहे हैं। क्या वाकई कांग्रेस में बदलाव होगा?***

बदलाव की कोई बात नहीं है। यह हम लोगों का परिवार है, जिसमें एक-दूसरे से मिलते रहे हैं, मिलते हैं और मिलते रहेंगे।

***Q भाजपा के केंद्रीय नेता राजस्थान में आ रहे हैं। भाजपा कांग्रेस में अंतर्कलह का आरोप लगाती रही है। क्या बीजेपी प्रदेश में चुनावों में कांग्रेस का मुकाबला कर पाएगी?***

बीजेपी एक्सपोज हो चुकी है। भावनात्मक प्रोपेगेंडा से बीजेपी राजनीति करना चाहती है। भाजपा जो प्रयास कर रही है, वह राजस्थान की जनता समझ चुकी है। गलत तथ्यों के साथ भाजपा के नेता जनता के बीच जा रहे हैं। इनका राजस्थान की जनता साथ नहीं देगी। रही एकजुटता की बात, तो कांग्रेस एकजुट है और रहेगी।

## जरूरी खबर

### राज्यपाल मिश्र ने गोविंददेव जी मंदिर में की पूजा-अर्चना



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने शनिवार को राज्य की प्रथम महिला सत्यवती मिश्र सहित परिजनों के साथ जयपुर के आराध्य देव गोविंददेव जी मंदिर में दर्शन किए। उन्होंने भगवान गोविंददेव जी की विधिवत पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेश की सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए कामना की। इसके बाद राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं को अभिवादन किया।

### प्रदेश के 84 आरएएस अफसरों को मिली पदोन्नति

**जयपुर।** प्रदेश के 84 आरएएस अफसरों की पदोन्नति को लेकर कार्मिक विभाग ने शनिवार को आदेश जारी किए हैं। विभाग ने 39 अफसरों को सलेक्शन स्केल और 45 अफसरों को सुपर टाइम स्केल में पदोन्नत किया है। वहीं विभाग ने सलेक्शन स्केल में पदोन्नति के लिए पात्र 31 अफसरों के प्रकरण वार्षिक कार्य मूल्यांकन रिपोर्ट पूरी नहीं होने के कारण डेफर कर दिए हैं। विभाग द्वारा मोहन लाल, जगदीश प्रसाद गौड़ और जगदीश प्रसाद आर्य के खिलाफ विभागीय जांच लंबित होने के कारण इनके प्रकरण में अभिशंसा सील बंद लिफाफों में रखी गई है।

### AIMIM प्रमुख ओवैसी आज आएंगे जयपुर



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी रविवार को जयपुर आएंगे। ओवैसी की पार्टी के प्रदेश संगठन प्रमुख जमील खान ने कहा कि ओवैसी रविवार शाम को जयपुर के रामलीला मैदान में सभा करेंगे। इस दौरान ओवैसी प्रदेश कार्यकारिणी भी घोषित करेंगे। विधानसभा चुनाव में ओवैसी कांग्रेस और बीजेपी के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन राजस्थान में 40 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है। इससे पहले प्रदेश में पार्टी को मजबूती देने के लिए ओवैसी 14 और 15 सितम्बर को 5 जिलों का दौरा कर चुके हैं।

---

**पिछले साल के बजट में 50 और इस वर्ष के बजट में 68 शहरों के लिए की गई थी घोषणा**

# सीवर की समस्या को दूर करने के लिए बनेंगे FST प्लांट्स

■ स्वायत्त शासन विभाग की ओर से जारी किए गए कार्यादेश






**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा के अंतर्गत प्रदेश के 118 शहरों में सीवरेज की सुविधा शुरू करने के क्रम में स्वायत शासन विभाग ने 31 प्लांट्स के निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिए हैं।

जबकि वर्तमान में 70 शहरों में सीवरेज और एसटीपी शुरू हो गई हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 2021-22 के बजट में 50 शहरों और 22-23 के बजट में 68 शहरों में जहां सीवर की व्यवस्था नहीं है, वहां पर एफएसटीपी स्थापित करने की घोषणा की थी। अब स्वायत शासन विभाग ने घोषणा में शामिल 31 प्लांट्स के लिए टेंडर जारी कर कार्यादेश दे दिया है।

### अत्याधुनिक तकनीक से कराया जाएगा प्लांट्स का निर्माण

इन प्लांट्स के निर्माण में पहले केवल गड्ढा खोदकर फिल्टर बेड तैयार किया जाता था, फिर उसमें अपशिष्ट पदार्थ का शोधन किया जाता था। यह तकनीक प्रदूषण नियंत्रण मंडल और पर्यावरण की दृष्टि से उचित नहीं थी। अब विभाग प्लांट के निर्माण में अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करेगा। इसके अंतर्गत सॉलिड वेस्ट एवं लिक्विड वेस्ट का संपूर्ण शोधन किया जाएगा। इसके अलावा अतिरिक्त उपचारित जल का पुन: उपयोग, वर्षा जल के संरक्षण के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग, बिजली की बचत और प्लांट की लगातार ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जाएगी। इस कार्य में निविदादाता द्वारा 10 वर्ष तक संचालन, रख-रखाव और माल का परिवहन मय वाहन के लिए किया जाना प्रस्तावित है। जिससे कि किसी भी निकाय पर अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं होगा।

### कम दरों में किए टेंडर

भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के अधीन राजकीय उपक्रम वेपकोस लिमिटेड से भी इन प्लांट्स के निर्माण के लिए सहमति ली जा चुकी है। वेपकोस ने पूरे भारत के लिए दो फर्मों का चयन कर 5 केएलडी के प्लांट के लिए 7.07 करोड़, 10 केएलडी के लिए 7.70 करोड़, 15 केएलडी 9.66 करोड़, 20 केएलडी 10.09 करोड़, 25 केएलडी 12.35 करोड़ और 35 केएलडी के प्लांट के लिए 14.71 करोड़ में टेंडर दिया है। जबकि राजस्थान में इससे कम दरों पर 5 केएलडी प्लांट के लिए 6.88 करोड़, 10 केएलडी 7.23 करोड़, 15 केएलडी 9.19 करोड़, 20 केएलडी के लिए 12.44 करोड़ में टेंडर दिया है।

---

**प्रदेश के 1.6 करोड़ परिवारों तक पहुंचेंगे खाद्य सामग्री के पैकेट**

# मुख्यमंत्री की स्कीम के तहत फ्री फूड पैकेट वितरण अगले माह से

■ मुख्य सचिव ने सभी जिलों को दिए टेंडर जारी करने के निर्देश

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की अशोक गहलोत सरकार ने जनता को एक बार फिर राहत दी है। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अन्नपूर्णा फ्री फूड पैकेट स्कीम के तहत खाद्य सामग्री वितरण की कवायद शुरू हो गई है।

फूड पैकेट खरीद के जिला स्तर पर टेंडर जारी होने शुरू हो गए हैं। इसको लेकर पांच जिलों ने तो टेंडर की विज्ञप्ति भी जारी कर दी है। इनमें अजमेर, अलवर, कोटा बारां और बांसवाड़ा जिला शामिल है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की आमजन को राहत देने वाली इस योजना को शीघ्र लागू कराने के लिए मुख्य सचिव उषा शर्मा पूरी तरह सक्रिय हो गई हैं। उन्होंने अन्य सभी जिलों को पैकेट खरीद के टेंडर जारी करने के निर्देश दिए हैं। टेंडर जारी होने के बाद प्रदेश की करोड़ों लोगों की उम्मीद को पंख लगेंगे।

## पांच जिलों अजमेर, अलवर, कोटा, बारां और बांसवाड़ा में टेंडर जारी



### प्रदेश के सभी जिलों में इसी माह टेंडर प्रक्रिया हो सकती है पूर्ण

अब माना यह जा रहा है कि राज्य सरकार की ओर से इसी माह में पूरी टेंडर प्रक्रिया करने के बाद सभी जिलों में अगले माह से पात्र लोगों को फूड पैकेट मिलने शुरू हो जाएंगे। दरअसल, खाद्य सुरक्षा अधिनियम से जुड़े परिवारों को अब फ्री में पैकेट मिलेंगे। इसके लिए सभी जिलों के कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कमेटी टेंडर निकाल रही है। पहले खाद्य विभाग से लेकर सहकारिता विभाग को दिया था, लेकिन अब यह काम फिर जिला कमेटियों को दिया गया है, जिनके बाद इन 5 जिलों के टेंडर जारी किए गए हैं। आगामी सप्ताह में शेष बाकी जिलों के टेंडर भी जारी कर दिए जाएंगे। अन्नपूर्णा फ्री फूड पैकेट योजना के तहत गरीब परिवारों को दाल, चीनी, नमक, मसाले और तेल दिए जाएंगे। इस योजना का लाभ खाद्य सुरक्षा अधिनियम से जुड़े परिवारों को मिलेगा।

### हर महीने 4500 करोड़ रुपए खर्च करेगी सरकार



अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना पर अशोक गहलोत सरकार हर महीने 4500 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इस योजना से राजस्थान के 1.6 करोड़ परिवारों को राहत दी जाएगी। इसमें प्रत्येक पैकेट में एक 1 किलो के चना दाल, चीनी, नमक, 1 लीटर खाद्य तेल, 100-100 ग्राम मिर्ची पाउडर, धनिया पाउडर और 50 ग्राम हल्दी पाउडर दिए जाएंगे। एक पैकेट की लागत तकरीबन 370 रुपए आएगी। ऐसे में हर महीने सरकार पर 4500 करोड़ रुपए का आर्थिक बोझ पड़ेगा। इस योजना के लिए 24 अप्रैल से राजस्थान में लगे महंगाई राहत कैंप में रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं। इस योजना को लेकर जिला स्तर पर टेंडर जारी किया जा रहा है।

### सहकारिता विभाग करेगा मॉनिटरिंग

अब जिला स्तर पर अन्नपूर्णा के टेंडर जारी किए जाएंगे। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने सभी जिला कलेक्टर्स को निर्देश दिए हैं। जिला कलेक्टर्स को अन्नपूर्णा योजना में जिले की कमेटी का अध्यक्ष बनाया है। वहीं सहकारिता विभाग की ओर से इस योजना की मॉनिटरिंग की जाएगी। 15 दिन के पब्लिकेशन के बाद टेक्निकल, फाइनेंशियल बिड खुलेगी, जिसके बाद प्रदेश की जनता को राशन के किट का वितरण किया जाएगा।

---

**231.44 करोड़ रुपए स्वीकृत**

# अति पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को सौगात

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य के अति पिछड़ा वर्ग (एमबीसी) के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 231.44 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्तावों की स्वीकृति दी है। यह राशि एमबीसी विकास कोष के अंतर्गत स्वीकृत की गई है।

गहलोत ने देवनारायण अनुप्रति योजना के लिए 1.50 करोड़ रुपए, देवनारायण पूर्व मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 8 करोड़ रुपए, देवनारायण उत्तर मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 135 करोड़ रुपए, देवनारायण गुरूकुल योजना के लिए 17.50 करोड़ एवं देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण एवं प्रोत्साहन योजना के लिए 20.34 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है।

वहीं मुख्यमंत्री ने चित्तौड़गढ़ के रावतभाटा एवं जयपुर के विराटनगर में देवनारायण आवासीय विद्यालयों के भवन निर्माण के लिए 37.90 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। अलवर के उमरेण, टोंक के निवाई तथा जयपुर में मानसरोवर व प्रतापनगर में देवनारायण छात्रावासों के भवन निर्माण के लिए 11.20 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है।

### गांधी पुस्तकालयों में मिलेगी पाठ्य सामग्री

प्रदेशभर में 2500 महात्मा गांधी पुस्तकालयों एवं संविधान केन्द्रों में पाठ्य पुस्तकें, समाचार पत्र-पत्रिकाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री गहलोत ने इनके लिए 11 करोड़ रुपए के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस राशि से केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। पुस्तकालय एवं संविधान केन्द्र पंचायतों और शहरों के वार्डों में खोले जाएंगे। गहलोत की इस स्वीकृति से पाठकों को अध्ययन के लिए पुस्तकें निःशुल्क उपलब्ध हो सकेंगी।

### 75 संविदा पदों पर होगी भर्ती

प्रदेश में फूड टेस्टिंग इको-सिस्टम को मजबूत किया जाएगा। इसके लिए मिलावटखोरी पर रोक लगाने के लिए 25 नए फूड सेफ्टी वाहनों (चल प्रयोगशालाएं) का संचालन होगा। मुख्यमंत्री ने इनके लिए 75 संविदा पदों के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है। इनमें असिस्टेंट एनालिस्ट के 25, मल्टी टास्किंग स्टाफ के 25 एवं वाहन चालकों के 25 पद सहित कुल 75 पद सृजित किए गए हैं।

---

**रोडवेज कर्मचारियों का सम्मेलन आयोजित**

# रोडवेज बचाओ- रोजगार बचाओ को लेकर 11 अगस्त को निकालेंगे प्रदेश स्तरीय रैली

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान रोडवेज के श्रमिक संगठनों का रोडवेज बचाओ-रोजगार बचाओ को लेकर शनिवार को पिंक सिटी प्रेस क्लब में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजित हुआ।

सयुक्त मोर्चे के प्रदेश संयोजक एमएल यादव ने बताया कि पिछले आंदोलन में रोडवेज प्रबंध निदेशक द्वारा लिखित आश्वासन पर 23 नवम्बर को समाप्त किए गए आंदोलन को फिर से शुरू किया जाएगा।




उन्होंने बताया कि 5 जुलाई से 7 अगस्त तक पूरे प्रदेश की रोडवेज इकाइयों पर घटक संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त दौरा करके कर्मचारियों को आंदोलन के लिए तैयार करने का अभियान चलाया जाएगा। वहीं संयुक्त मोर्चे के घटक संगठनों द्वारा 11 अगस्त को जयपुर में प्रदेश स्तरीय संयुक्त रैली निकाली जाएगी।

यादव ने बताया कि माह के पहले कार्यदिवस को वेतन, पेंशन व एक महीने के सेवानिवृत्ति परिलाभ के भुगतान की स्थाई व्यवस्था करने, रोडवेज में 2500 नई बसें सरकार द्वारा खरीदने, रोडवेज में रिक्त पड़े करीब 11 हजार पदों पर भर्ती करने, कार्यालयों में काम करने वाले कर्मचारियों और वाहन संचालन से जुड़े कर्मचारियों की सेवा सुविधाओं में भेदभाव को समाप्त करने सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश स्तरीय रैली निकालेंगे।

---

**बयानवीरों को कांग्रेस आलाकमान की हिदायत**

# मंत्री बयानबाजी करें तो वे कार्रवाई के लिए भी हो जाएं तैयार: डोटासरा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में लगातार हो रही कांग्रेस विधायकों और नेताओं की बयानबाजी को लेकर पार्टी आलाकमान ने नाराजगी जाहिर की है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के जरिए प्रदेश में आलाकमान ने सख्त हिदायत दी है कि अगर आगे इस तरह मंत्री एक-दूसरे पर बयानबाजी करेंगे, तो वह कार्रवाई के लिए तैयार रहें। डोटासरा ने दिल्ली से लौटने के



बाद सभी विधायकों, मंत्रियों और कार्यकर्ताओं को यह संदेश पहुंचा दिया है कि अब कोई अनर्गल बयानबाजी करते हुए मिला, तो वह सख्त कार्रवाई के लिए तैयार रहे। कांग्रेस से जुड़े ऐसे लोगों पर आलाकमान कार्रवाई की तैयारी में है, जो गलत तरह से मनमर्जी से बयान दे रहे हैं। जानकारों की माने तो पीसीसी चीफ ने सभी को यह हिदायती संदेश पहुंचा दिया है। हालांकि कांग्रेस के नेताओं को यह पहली बार हिदायत नहीं दी गई है।

इससे पहले भी 25 सितंबर की घटना के बाद तो एआईसीसी ने बयानबाजी नहीं करने को लेकर आदेश जारी करने पड़े थे, लेकिन इस हिदायत का असर भी नेताओं पर नहीं हुआ और बयानबाजी जारी रही।

---

**कन्हैयालाल हत्याकांड मामले में भाजपा-कांग्रेस में तकरार**

# चश्मदीद गवाह से मिलीं राजे, दी एक लाख की मदद

■ केंद्रीय मंत्री बोले- सरकार चाहती तो आरोपियों को दिला सकती थी फांसी

**बेधड़क** | जयपुर

उदयपुर के बहुचर्चित कन्हैयालाल हत्याकांड मामले में प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। इस मामले को लेकर भाजपा और कांग्रेस में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है।

शनिवार को पूर्व सीएम वसुंधरा राजे हत्याकांड के चश्मदीद गवाह राजकुमार शर्मा से मिलने के लिए उनके घर पहुंचीं। जहां पर राजे ने परिजनों से मुलाकात करते हुए



शर्मा के हालात के बारे में जानकारी ली। पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने यहां पर उनकी बेटी की शादी की सम्पूर्ण जिम्मेदारी उठाते हुए परिजनों को एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता भी दी। गौरतलब है कि राजे पिछले साल भी शर्मा के परिवार से मिलने के लिए यहां आई थीं। वहीं दो दिन के भरतपुर दौरे पर आए केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस मामले को लेकर कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला। गोयल ने कहा कि कन्हैया लाल हत्याकांड मामले में यदि गहलोत सरकार चाहती तो स्पेशल कोर्ट बनाकर आरोपियों को फांसी की सजा दिला सकती थी। गोयल ने कहा राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि वह फास्ट ट्रैक कोर्ट से पीड़ितों को न्याय दिलवाए और आरोपियों को सजा दिलवाए।

### जो भी मदद होगी, हम करेंगे: राजे

राजे हत्याकांड के अहम गवाह रावजी का हाटा स्थित बाबेल स्ट्रीट में रहने वाले राजकुमार शर्मा के घर पहुंचीं। गली के बाहर रास्ता संकरा होने से कार नहीं जा पा रही थी। ऐसे में राजे ई रिक्शा से राजकुमार शर्मा के घर पहुंचीं। यहां राजकुमार की पत्नी पुष्पा और बच्चों से मुलाकात की। पूर्व सीएम राजे ने राजकुमार की पत्नी और बेटे से बातचीत की। राजे ने बताया कि वह यहां इनकी वास्तविक स्थिति देखने और उनकी तबीयत जानने आई थीं। जो भी मदद होगी हम करेंगे। राजे ने जब परिजनों से बात कि तो उन्होंने कहा कि उन्हें आर्थिक सहायता के रूप में केवल पांच लाख रुपए मिले हैं। इसके अलावा किसी को भी नौकरी नहीं मिलने से घर का गुजारा चलाना मुश्किल हो रहा है। परिजनों ने यह भी कहा कि उन्हें यहां पर रहने में परेशानी आ रही है। साथ ही आसपास का माहौल सही नहीं होने से कई अन्य जगह पर मकान दिलाने की मांग रखी।

### कांग्रेस के मंत्रियों का पलटवार

कन्हैयालाल हत्याकांड को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से शुक्रवार को दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए प्रदेश के चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि गलत बयान देने के लिए शाह को माफी मांगनी चाहिए। वहीं मंत्री रामलाल जाट ने कहा कि अगर जांच प्रदेश सरकार के पास होती तो अब तक कातिल फांसी के फंदे पर होते।

---

# विधानसभा अध्यक्ष का आयरलैंड में अभिनंदन



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी आयरलैंड में जीवंत भारतीय संस्कृति को देखकर अभिभूत हुए। उन्होंने भारतीय संस्कृति को विदेश में जीवंत बनाने के लिए प्रवासियों को बधाई दी।

विधानसभा अध्यक्ष जोशी का आयरलैंड की राजधानी डबलिन में राजस्थानी इंडियन सोसाइटी ऑफ आयरलैंड की ओर से अभिनंदन किया गया। इस दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजस्थान के लोकगीत और लोक नृत्य प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा, आयरलैंड में भारत के राजदूत अभिषेक मिश्रा, डॉ. देवेंद्र प्रजापत, बाबूलाल यादव और देवी सिंह सहित राजस्थान के प्रवासी मौजूद थे।

## जरूरी खबर

### एसएमएस में 93 साल की महिला की एंजियोप्लास्टी



**जयपुर।** एसएमएस अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग में 93 साल की महिला के दो कोरोनरी आर्टरीज में रुकावट होने के बावजूद सफल एंजियोप्लास्टी की गई। एसएमएस अस्पताल कार्डियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वीवी अग्रवाल ने बताया कि महिला के दो कोरोनरी आर्टरीज में रुकावट होने, मुख्य धमनी में 99% ब्लॉकेज होने के बाद भी एंजियोप्लास्टी से दो स्टेंट्स डाल कर दोनों ब्लॉकेज हटाए गए। उन्होंने कहा कि इस उम्र में एंजियोप्लास्टी करते समय अत्यधिक सावधानी रखनी पड़ती है, क्योंकि आर्टरी के टूटने का डर रहता है। उन्होंने बताया कि एंजियोप्लास्टी के बाद अब महिला बिलकुल स्वस्थ है। उन्होंने कहा कि 90 वर्ष की उम्र के बाद बहुत कम सर्जरी होती है।

### एसएमएस में नर्सिंगकर्मियों का कार्य बहिष्कार



**जयपुर।** राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के आह्वान पर शनिवार को सवाई मान सिंह चिकित्सालय के प्रशासनिक द्वार पर एकत्रित होकर नर्सिंग कर्मियों ने 2 घंटे का कार्य बहिष्कार किया। सुबह 8 बजे से 10 बजे नर्सिंग ऑफिसर, नर्सिंग ट्यूटर, एएनएम एलएचवी और नर्सिंग स्टूडेंट्स ने 2 घंटे अपने ग्यारह सूत्री मांग पत्र को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। नर्सिंग नेता मनोज दुब्बी ने बताया कि नर्सेज कर्मियों ने राज्य स्तरीय संयुक्त नर्सेज संघर्ष समिति के आह्वान पर एसएमएस चिकित्सालय से ध्यानाकर्षण प्रदर्शन शुरू किया है। 7 दिवस में कार्रवाई नही की, तो 10 जुलाई को जयपुर में महासभा कर प्रदेश भर में आंदोलन शुरू किया जाएगा।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


**सच बेधड़क की मुहिम:** एक्सपर्ट और मैनेजमेंट प्लानर्स ने सुझाया अस्पतालों में फ्री पार्किंग का रास्ता

# प्रति अस्पताल 6 सुरक्षाकर्मी लगा संभाल सकते हैं पार्किंग

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश सरकार अगर चाहे तो पार्किंग स्थलों पर खुद की व्यवस्था लागू करके आम जनता को मुफ्त पार्किंग उपलब्ध करवा सकती है। बस बदलाव यह होगा कि निजी फार्म के लोगों की जगह सरकार की ओर से नियुक्त किए गए लोग यहां पर्ची काटें और व्यवस्था बनाएं। इस व्यवस्था की मॉनिटरिंग अस्पताल प्रशासन की ओर से ऑनलाइन की जाए। यह मानना है एक्सपर्ट्स का।

सच बेधड़क की ओर से सरकारी अस्पतालों में पार्किंग व्यवस्था फ्री करवाने को लेकर मुहिम चलाई जा रही है। इसके



बिग इश्यू: यह खबर नहीं, जनता का 'बेधड़क सवाल' है...
जरा सोचिए सरकार
अस्पतालों में इलाज, दवा, जांच 'सब फ्री' तो पार्किंग शुल्क वसूली क्यों?
जनप्रतिनिधियों के बेधड़क बोल... सरकार हटाए पार्किंग शुल्क
सच बेधड़क की मुहिम: जनप्रतिनिधियों के साथ ही सामाजिक संगठनों और व्यापार मंडलों का मिला समर्थन
सरकारी अस्पतालों में गवर्नमेंट संभाले पार्किंग, निशुल्क हो व्यवस्था

अंतर्गत गुरुवार को आमजन और जन प्रतिनिधियों ने तथा शुक्रवार को सामाजिक संगठनों और व्यापारियों ने इसका समर्थन किया था। इधर, सच बेधड़क ने शनिवार को राजधानी के पार्किंग एक्सपर्ट और मैनेजमेंट प्लानर सहित अस्पताल के पूर्व अधीक्षक से बात की और जाना कि सरकार किस तरह पार्किंग व्यवस्था आमजन के लिए फ्री लागू कर सकती है। उनसे इससे जुड़े सुझाव मांगे। इसमें सामने आया कि सरकार को पार्किंग व्यवस्था ठीक ठेके पर चल रही व्यवस्था की तरह ही लागू करनी होगी, मगर काम करने वालों को सरकार की ओर से सेलरी दी जाए।

ये लोग ऑनलाइन पर्ची काटे, जिसका हिसाब और पार्किंग की गाड़ियों का लेखा-जोखा अस्पताल के पास सुरक्षित रहे। गौरतलब है कि सच बेधड़क ने बुधवार के अंक में 'अस्पतालों में इलाज, दवा, जांच सब फ्री तो पार्किंग शुल्क वसूली क्यों?' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी।

> सरकार पार्किंग अपने हाथ में लेकर व्यवस्था करवाने के लिए युवा इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत जुड़े युवाओं को अच्छा पैकेज देकर इस व्यवस्था को बना सकती है। इसके अलावा पार्किंग की दशा भी सुधारनी होगी, क्योंकि वर्तमान में पार्किंग की स्थिति ज्यादा ठीक नहीं है। सरकारी अस्पतालों की पार्किंग में एंट्री के स्थान पर एक कर्मचारी बैठाकर ई- मित्र की तरह सिस्टम लगाया जा सकता है, जहां से आमजन को पर्ची मिलेगी और वह भी एकदम फ्री।
>
> **एसपी यादव,** कार्यकारी निदेशक, निजी अस्पताल

> प्रदेश सरकार की ओर से सरकारी अस्पतालों में फ्री पार्किंग करना बहुत आसान है। इसकी व्यवस्था बनाने के लिए सरकार को पूरा मैप तैयार करना पड़ेगा, ताकि आमजन को कोई परेशानी नहीं हो। पार्किंग व्यवस्था ठीक ठेके पर जो व्यवस्था चल रही है, वैसी ही हो मगर सरकारी आदमियों की यहां नियुक्ति दी जाए जो गाड़ियों की प्रॉपर मॉनिटरिंग करें।
>
> **डॉ. देवेंद्र सिंह,** रिटायर्ड अधीक्षक, एसएमएस

> सरकारी अस्पतालों में भी निजी फर्म की ओर से केवल 6 लोग लगाकर पार्किंग व्यवस्था को संभाला जाता है। सरकार भी ऐसे ही 6 गार्ड नियुक्त करे, जिनमें 2 गार्ड प्रवेश और निकास स्थल पर व्यवस्था बनाएं। 2 गार्ड एंट्री पॉइंट पर ही पर्ची बनाएं। इसके अलावा दो गार्ड पार्किंग स्थल पर गाड़ियों का मैनेजमेंट बनाएं तो व्यवस्था आसानी से बनाई जा सकती है। इसके अलावा यहां ऑनलाइन पर्ची सिस्टम लागू किया जाए।
>
> **पवन सिंह,** पार्किंग एक्सपर्ट

**माल लेकर भाग जाने के मामले बढ़ने पर पुलिस ने उठाया कदम**

# बिना वेरिफिकेशन कारीगर रखा तो व्यापारी पर होगी कार्रवाई

**बेधड़क** | जयपुर

शहर में ज्वैलरी से संबंधित काम करने वालों ने बिना पुलिस वेरिफिकेशन के कारीगर या नौकर रखे तो पुलिस उस व्यापारी के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

पिछले छह महीनों में बाहरी कारीगरों के ज्वैलर्स का माल लेकर भाग जाने के मामलों में हुई बढ़ोत्तरी के बाद पुलिस ने यह निर्णय लिया है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि कई ज्वैलर्स बिना वेरिफिकेशन के जान-पहचान के आधार पर बंगाली कारीगरों को रख लेते हैं, बाद में वारदात हो जाने पर पुलिस में मामला लेकर आते हैं। कारीगर के भेष में अपराधी लोग अपने तथ्य को गलत बता देते हैं। वेरिफिकेशन नहीं होने से उनके बारे में कोई सुराग नहीं मिल पाता है।



### बिना पहचान दे रहे लाखों की ज्वैलरी

परकोटे के चौड़ा रास्ता, जौहरी बाजार, किशनपोल बाजार इलाकों में ज्वैलरी का बड़ा बाजार है। यहां से देश-विदेशों में ज्वैलरी का व्यापार किया जाता है। इन इलाकों में ही कुंदन मीना कारीगरी के कई कारखाने चल रहे हैं, जिनमें स्थानीय के साथ-साथ बंगाली कारीगर भी काफी मात्रा में जड़ाई का कार्य कर रहे हैं। बंगाली कारीगरों की संख्या अनुमानत: एक लाख के करीब बताई गई है। ज्वैलर्स व्यापारी स्थानीय कारीगरों की तुलना में सिर्फ जान पहचान के आधार पर बंगाली कारीगरों के कम रेट में काम करने के कारण इन्हें लाखों का काम दे देते हैं।

> पुलिस प्रशासन व्यापारियों से कई प्रकार से समन्वय कर उनहें किराएदारों का वेरिफिकेशन कराने के लिए जागरूक कर रही है। आगे से बिना पुलिस वेरिफिकेशन के किराएदार के मामले में इनके खिलाफ भी कार्रवाई करेगी।
>
> **हेमंत जाखड़,** एसीपी माणक चौक

> जडिया मजदूर संघ के पास भी महीने में 50 से ज्यादा शिकायतें आती है। जडिया मजदूर संघ के बैनर में काम करने वाले लोगों का सबसे पहले पुलिस वेरिफिकेशन होता है। बाहरी क्षेत्र से आने वाले कारीगरों का वेरिफिकेशन नहीं होने से ये लोग गलत फायदा उठा जाते हैं। कागजों के अभाव में कई मामले पुलिस के पास पहुंच ही नहीं पाते हैं।
>
> **महेन्द्र सोनी,** जस्थान जडिया एकता मजदूर संघ

### 6 महीनों में हुई ये वारदातें

- जनवरी-कारीगर के खिलाफ ज्वेलर्स से धोखाधड़ी का मामला दर्ज
- फरवरी-1 तौला सोना लेकरी कारीगर फरार
- मार्च -काम करने के बहाने जेवर लेकर भागा
- अप्रैल- 65 ग्राम सोना लेकर कारीगर फरार
- मई- दो विभिन्न घटनाओं में ज्वैलर्स का माल लेकर फरार
- जून-30 लाख के गहने लेकर कारीगर फरार

### ऑनलाइन के बावजूद हिचक रहे

माणक चौक थाना प्रभारी राण सिंह सोढ़ा ने बताया कि पुलिस वेरिफिकेशन दो प्रकार से हाता है। एक तो थाने से, दूसरा ऑनलाइन तरीके से भी लोग अपने किराएदार का वेरिफिकेशन करा सकते हैं। इस प्रक्रिया में सात से दस दिन तक का समय लगता है। कई बार पुलिस प्रशासन भी अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करती है। पुलिस वेरिफिकेशन तो अनिवार्य भी है, लेकिन आज भी लोग इससे बच रहे हैं। कई व्यापारी पुलिस के जरिए अन्य सरकारी एजेंसियों में अपना डेटा जाने की वजह से इन बंगाली किराएदारों का वेरिफिकेशन नहीं करा रहे हैं। ज्वैलरी का आज भी बड़ा व्यापार बिना बिल के कच्ची रसीदों पर ही हो रहा है। ऐसे में जब कोई कारीगर माल लेकर भाग जाता है तो ज्वैलरी की बिलिंग नहीं होने से भी लोग घबरा जाते हैं। कुछ केसों में ज्वेलर्स कारीगरों से काम कराने के बाद पैसे नहीं देते है। ऐसे में पुलिस वेरिफिकेशन नहीं होने से वे उसे अपना कारीगर ही नहीं मानते हैं।

**निशुल्क कोचिंग मामला**

# आरयू से एमओयू के बाद ही चलेंगी ऑनलाइन कक्षाएं




**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के एपीटीसी सेंटर आईएएस आरएएस की चल रही निशुल्क कोचिंग को 10 दिन के लिए स्थगित कर दिया हैं। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने 27 जून को ही कोचिंग संचालक एक पहल संस्था के अध्यक्ष देव अमित को पत्र लिख को सेंटर करने के आदेश दिए थे।

गौरतलब हैं कि विवि प्रशासन की ओर से सेंटर खाली करवाने के विरोध में शुक्रवार को सैकड़ों स्टूडेंस्ट्स ने कुलपति सचिवालय का घेराव किया था। वहीं शनिवार को भी सैकड़ों की संख्या में स्टूडेंस्ट्स ने एपीटीसी सेंटर में ही ऑफलाइन कक्षाओं के आयोजन को मांग को लेकर प्रदर्शन किया । इसके बाद बढ़ते हंगामे को देख विवि प्रशासन ने शनिवार को एपीटीसी सेंटर के निदेशक, रजिस्ट्रार और संस्था के अध्यक्ष की बैठक आयोजित कर कोचिंग संचालन को लेकर फैसला लिया गया।

### इन बातों पर बनी सहमति

एपीटीसी सेंटर और एक पहल संस्था के बीच बैठक में ऑनलाइन कक्षाओं के आयोजन के लिए विश्वविद्यालय से तत्काल प्रभाव से एमओयू करने को कहा गया। वहीं एपीटीसी सेंटर पर व्यवधान उत्पन्न नहीं करने सहित सेंटर पर परंपरागत तरीके से ही कोचिंग संचालित होती रहेगी। विवि ने सेंटर पर केवल ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन करने का समझौता हुआ।

**एसएमएस ऑपरेशन थियेटर से 43 सैंपल भेजे**

# संक्रमण कैसे फैला, जांचेगी कमेटी

**बेधड़क** | जयपुर

सवाई मानसिंह अस्पताल के चरक भवन में नेत्र रोग विभाग में फैले स्यूडोमोनास बैक्टीरिया संक्रमण से अस्पताल प्रशासन मरीजों की देख रेख में कमेटी बना दी गई है। अस्पताल प्रशासन ने देश के सीनियर नेत्र रोग विशेषज्ञों और एम्स के सीनियर नेत्र रोग विशेषज्ञों से चर्चा कर ऑपरेशन थियेटर तक संक्रमण फैलने की वजह को लेकर चर्चा की।

अस्पताल प्रशासन ने शनिवार को ऑपरेशन थियेटर से कुल 43 चीजों के सैंपल जांच के लिए एसएमएस मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी लैब में भेजे हैं।



इनमें ओटी के उपकरण, फ्लूड, दवा, ओटी ओजार शामिल हैं। थिएटर के एयर सैंपल को भी जांच के लिए भेजा गया है। स्यूडोमोनास बैक्टीरिया संक्रमण से शरीर में ब्लड, लंग्स, लिवर और मसल्स भी प्रभावित हो सकते हैं। यह कीचड़, नाले, गंदी मिट्टी, सड़े हुए गंदे पानी और कुछ दूषित हो चुके पौधों में भी पाया जाता है। चरक भवन के ओटी में फैले बैक्टीरिया को लेकर कल्चर रिपोर्ट का इंतजार में पुष्टि हो पाएगी। रिपोर्ट में बैक्टीरिया की पुष्टि होगी की, आखिर ओटी तक संक्रमण कैसे पहुंचा। इसको लेकर रविवार को मामले की जानकारी मिल सकेगी। गौरतलब है कि पिछले तीन दिनों में हुए 71 ऑपरेशन में 17 लोग इस बैक्टीरिया की चपेट में आ गए है। एसएमएस अस्पताल नेत्र रोग विभाग के प्रोफेसर डॉ. पंकज शर्मा ने बताया कि स्यूडोमोनास बैक्टीरिया का सबसे पहला केस ओपीडी में आया था।

## सच बेधड़क ने चेताया... तो खुली आंख

1 *शनिवार दोपहर 2 बजे चेंबर में गिरी बाइक को निकालता चालक।*

2 *जेडीए की टीम- शाम 6 बजे मौके पर पहुंची।*

3 *आखिरकार शाम 7 बजे अंडरपास को किया बंद।*




***जयपुर।*** *करतारपुरा फाटक के पास बने कल्याणपुरा अण्डरपास में पिछले कई दिनों से चैम्बर का गेट नहीं था। सच बेधड़क ने इसकी वजह से हो रही आम लोगों की समस्या को टीवी चैनल पर प्रमुखता से दिखाया। इसके बाद जेडीए की ओर से प्रारंभिक तौर पर अंडरपास को बंद कर दिया गया। जेडीए जेईएन राहुल ने बताया कि रविवार सुबह पहले चेंबर का नया गेट लगा दिया जाएगा।*

**छठा जीएसटी दिवस**

# जयपुर की जनता ने दी 21025 करोड़ रुपए की जीएसटी

**बेधड़क** | जयपुर

केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर आयुक्तालय ने शनिवार को छठा जीएसटी दिवस मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीबीआईसी पूर्व सदस्य ओपी दाधीच रहे और मुख्य आयुक्त, राज्य जीएसटी (राजस्थान) डॉ. रवि कुमार सुरपुर, संजय गुप्ता, प्रधान एडीजी, एनएसीआईएन, जयपुर और के.एल. जैन, अध्यक्ष आरसीसीआई विशिष्ट अतिथि रहे।

मुख्य अतिथि ओपी दाधीच ने जीएसटी में कई करों को हटाने और डेटा विश्लेषण पर प्रकाश डाला। डॉ. रवि कुमार सुरपुर ने कहा कि जीएसटी में केंद्र और राज्य दोनों गठबंधन बेहतर कर-प्रशासन और बेहतर सुधार हेतु बदलाव के लिए




लगातार काम कर रहे हैं। संजय गुप्ता ने कहा कि विभाग नवीनतम तकनीक के उपयोग के साथ डेटा माइनिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर प्रभावी ढंग से काम कर रहा है। इस अवसर पर ओपी दाधीच द्वारा जीएसटी के कार्यान्वयन के संबंध में प्रदान की गई असाधारण सेवाओं के लिए 6 अधिकारियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

उन्होंने राष्ट्र निर्माण में सभी अनुपालनकारी करदाताओं के योगदान को भी मान्यता दी और कहा कि विभाग का ध्यान नागरिकों की शिकायतों का निवारण करने पर है, जिसमें आईटी आधारित शिकायत निवारण तंत्र भी शामिल है।

### जयपुर जोन का बढ़ा राजस्व

इस अवसर पर वित्तीय वर्ष 2022-23 में जयपुर जोन के राजस्व के बारे में बताया गया। प्रधान आयुक्त चेतन कुमार जैन ने बताया कि साल 2022 में 21025 करोड़ यानि वर्ष 2021-22 में प्राप्त राजस्व से 2653 करोड़ (14.44%) अधिक है। वर्ष 2021-22 में जयपुर जोन क्षेत्र में राजस्व 1832 करोड़ रुपए था जो बढ़कर 2022-23 में 21025 करोड़ रुपए हो गया है। वर्तमान में जयपुर जोन में 317587 करदाता है। चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के दौरान जोन का राजस्व रु. 5501 करोड़, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 5367 करोड़ रुपये था। इस प्रकार, चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में राजस्व भी पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि की तुलना में 134.40 करोड़ रुपए (2.50%) बढ़ गया है।

### GST ने बदला व्यापार का तरीका

प्रधान आयुक्त जैन ने कहा कि जीएसटी इन छह वर्षों में हर संभावित चुनौती की कसौटी पर खरा उतरा है, चाहे वह तकनीकी हो या महामारी के कारण। जीएसटी ने उत्पादन और वितरण की लागत को कम करके मुद्रास्फीति को कम करने में योगदान दिया है। इस अवसर पर पंकज घीया राष्ट्रीय अध्यक्ष, एआईएफटीए, केएल जैन, सीए रवि गुप्ता ने भी विचार व्यक्त किए। सभी ने देश के इतिहास में सबसे बड़े कर सुधार के सफल कार्यान्वयन पर सरकार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जीएसटी ने वास्तव में भारत में व्यापार करने के तरीके को बदल दिया है।

### नवीनतम सुधारों की दी जानकारी

कार्यक्रम के अंत में सुमित कुमार यादव, अतिरिक्त आयुक्त ने जीएसटी प्रणाली में नवीनतम सुधारों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन उपायुक्त निष्ठा शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रधान आयुक्त चेतन कुमार जैन के मार्गदर्शन में राज्य जीएसटी अधिकारी, राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स, एआईएफटीपी (ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रेक्टिशनर), चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, विभिन्न व्यापार संघों सहित करदाता उपस्थित रहे।

**मानसरोवर थाना पुलिस की कार्रवाई**

# JCTO कल्पेश चौधरी छेड़छाड़ में गिरफ्तार

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर कमिश्नरेट की मानसरोवर थाना पुलिस ने आधी रात बाद सरेराह युवतियों से छेड़छाड़ करने के मामले में जेसीटीओ को गिरफ्तार किया हैं।

थाना पुलिस ने शनिवार को कल्पेश चौधरी को लोकेशन के आधार पर सीकर से गिरफ्तार कर लिया। चौधरी उयपुरवाटी झुंझुनूं का रहने वाला है और वर्तमान में एलाइट आरएएस जेसीटीओ पद पर कर विभाग झालाना में कार्यरत हैं। यह राजस्थान विश्वविद्यालय में शोध छात्र प्रतिनिधि भी रहा हैं। एसीपी मानसरोवर अभिषेक शिवहरे ने बताया कि 27 जून को परिवादी ने रिपोर्ट दी कि उसकी



बहन, मामा का लड़का, लड़की के साथ मालवीय नगर से मानसरोवर रजत पथ अपने घर राम करीब एक बजे आ रहे थे। तभी एक स्कॉर्पियो वालों ने पीछा किया तथा हमारी गाड़ी के आगे लगाकर मारपीट करने लग गए। गाड़ी में घुसकर छेड़छाड़ की। गठित पुलिस टीम ने स्कॉर्पियो के आधार पर 28 जून को आरोपी बिशनलाल चौधरी और टीकम चंद को गिरफ्तार कर लिया। मामले में अभी आरोपी प्रवीण की तलाश जारी है।

## जरूरी खबर

### चिकित्सालय में मनाया गया 'डॉक्टर्स-डे'



**खाटूश्यामजी।** खाटूश्यामजी उप जिला चिकित्सालय में पीएमओ डॉ. गोगराज सिंह निठारवाल के नेतृत्व में शनिवार को डॉक्टर्स डे मनाया गया। इस दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. निठारवाल ने कहा कि सेवा, संतोष, विनम्रता, सहानुभूति और नॉलेज यह सब मिलकर डॉक्टर्स की प्रोफेशन को परिपूर्ण और अहम बनाते हैं। हमारे समाज में डॉक्टर्स को भगवान का दूसरा रूप कहा जाता है तो लाजमी है कि डॉक्टर्स की डिक्शनरी में गलती शब्द नहीं होना चाहिए। डॉक्टर्स के लिए जरूरी है कि वो सत्यनिष्ठा को बनाएं रखें।

### गैस रिसाव से सिलेंडर भभका, तीन लोग झुलसे

**चित्तौड़गढ़।** बेगूं इलाके के पीपली खेड़ा गांव में शनिवार को गैस रिसाव के बाद सिलेंडर के भभकने से पिता-पुत्र समेत 3 लोग झुलस गए। तीनों को बेगूं के अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से उन्हें चितौड़गढ़ और फिर उदयपुर रेफर किया गया। पुलिस के अनुसार नंदलाल धाकड़ के घर में सुबह परिजन ने चाय बनाने के लिए गैस चालू की, लेकिन वो चूल्हा नहीं जला। इसके बाद पाइप में हवा की आशंका में उन्होंने पाइप खोल दी और उसे फिर से कनेक्ट किया। जैसे ही उन्होंने माचिस जलाई तो अचानक सिलेंडर भभक उठा। इससे नंदलाल (70), उसका पुत्र रोशन (35) और मोहन लाल धाकड़ झुलस गए।

### जरूरतमंदों के लिए निशुल्क रहेगी डायलिसिस सुविधा



**कोटा।** रोटरी क्लब कोटा की ओर से किडनी रोग से जूझ रहे जरूरतमंद लोगों की सुविधा के लिए डायलिसिस की निशुल्क सुविधा शुरू की जाएगी। इसके लिए रोटरी क्लब कोटा और मानव सेवा समिति के बीच एमओयू हुआ है। रोटरी क्लब कोटा के अध्यक्ष प्रीतम गोस्वामी ने बताया कि जल्दी ही निरोगधाम हॉस्पिटल गोबरिया बावड़ी में यह सुविधा शुरू हो सकेगी। रोटरी क्लब, निरोग धाम अस्पताल में 6 डायलिसिस मशीन स्थापित करेगा। उसके लिए रोटरी फाउंडेशन से भी मदद ली जाएगी। जरूरतमंदों के अलावा अन्य रोगी सशुल्क इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे।

---

**बढ़ेगी सुविधा:** 1124 मीटर लम्बी सड़क तैयार, मंत्री के आदेश से टेस्टिंग के बाद शुरू किया यातायात

# बोरखेड़ा फ्लाईओवर से राह होगी और आसान: धारीवाल

**बेधड़क | कोटा**



नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल की पहल पर कोटा में आवागमन में सुगमता प्रदान करने के लिए एवं कोटा को ट्रैफिक लाइट फ्री सिटी बनाने वाले सभी प्रोजेक्ट पूर्ण हो गए हैं।

वहीं यातायात की सुगम सुविधा प्रदान करने वाला 10वां बड़ा प्रोजेक्ट बोरखेड़ा फ्लाईओवर की सौगात अब जल्द मिलने जा रही है। नगर विकास न्यास सचिव राजेश जोशी ने बताया कि कोटा शहरवासियों एवं कोटा से गुजरने वाले लाखों लोगों को ट्रैफिक को सुगमता प्रदान करने वाला 1124 मीटर लंबा टू लेन फ्लाईओवर कंप्लीट हो चुका है। फ्लाईओवर की टेस्टिंग के बाद आमजन को आवागमन की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल के निर्देश पर यातायात आवागमन शुरू कर दिया गया है। करीब 15 दिन में अप्रोच वर्क पूर्ण हो जाएगा।

### इन फ्लाईओवर ने यातायात जाम से दिलाई मुक्ति

**सिटी मॉल फ्लाईओवर :** कोचिंग स्टूडेंट्स और शहरवासियों को झालावाड़ रोड पर यातायात जाम की समस्या से निजात दिलवाने के लिए 650 मीटर की लम्बाई में 47 करोड़ की लागत से फोर लेन फ्लाई ओवर का निर्माण करवाया गया है।

**इन्दिरा गांधी फ्लाईओवर:** कोटा शहर के प्रमुख व्यवसाय केन्द्र गुमानपुरा में यातायात जाम के समाधान को ध्यान में रखते हुए 1200 मीटर की लम्बाई में, 57 करोड़ की लागत से 2 लेन एलिवेटेड रोड का निर्माण करवाया गया है, जिससे यातायात सुगम हो गया है।

**अनन्तपुरा फ्लाईओवर:** अनन्तपुरा तिराहे पर 530 मीटर की लम्बाई में कोटा से झालावाड़ की ओर तथा 1000 मीटर की लम्बाई में भामाशाह मण्डी से कोटा शहर की ओर 65 करोड़ की लागत से दो 12 लेन फ्लाईओवरों का निर्माण करवाया गया है। यह फ्लाई ओवर ट्रैफिक लाइट फ्री सिटी कोटा का अंतिम फ्लाईओवर है।

**महाराणा प्रताप फ्लाईओवर:** महाराणा प्रताप कुंहाड़ी चौराहे पर 42 करोड़ की लागत से 2 लेन फ्लाईओवर बनाया गया है। यहां के चौराहे को भी आकर्षक तरीके से विकसित किया गया है।

### इन सड़कों की हुई कायापलट

यातायात सुगम करने की दृष्टि से कोटा शहर की मुख्य सड़क गोबरिया बावड़ी से नेहरू पार्क तक का विस्तार, सुदृढीकरण, सौन्दर्यीकरण एवं विद्युतीकरण किया गया है। वहीं ग्रेड सेपरेटर कोटड़ी रोड के नवीनीकरण से यातायात जाम की समस्या से मुक्ति मिल गई है। 10 करोड़ की लागत से ग्रेड सेपरेटर का निर्माण करवाया गया है।

### इन अंडरपास से सुगम हुई राह

अंटाघर चौराहे पर यातायात जाम की समस्या का अब निराकरण हो गया है वहीं सड़क दुर्घटनाओ पर भी अंकुश लगा है। 29 करोड़ की लागत से यहां अंडरपास का निर्माण करवाया गया है। इसके साथ ही एरोड्राम चौराहे पर 50 करोड़ की लागत से अंडरपास एवं गोबरिया बावड़ी चौराहे पर 31.50 करोड़ की लागत से अंडरपास का निर्माण तथा सौन्दर्यीकरण का कार्य करवाया गया है।

---

**मानवता शर्मसार:** रोता-बिलखता रहा मासूम बेटा, नहीं पसीजे आरोपी

# सरेराह विधवा को निर्वस्त्र कर दौड़ाया, मारपीट कर बाल काटे

**बेधड़क | उदयपुर**

जिले में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। इसमें एक विधवा महिला के साथ 12 से अधिक महिलाओं ने बेरहमी से मारपीट की। साथ ही उसके बाल काट दिए और पीड़िता को निर्वस्त्र कर सरेराह दौड़ाया गया। इस वारदात का सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हो रहा है। दरअसल मारपीट करने वाली महिलाओं को पीड़िता के किसी के साथ प्रेम-प्रसंग का शक था।

इसको लेकर महिलाएं पीड़िता के घर पहुंची और उसके साथ मारपीट करते हुए उसके बाल काट दिए। वहीं पीड़िता को मारपीट करते हुए सरेराह निर्वस्त्र अवस्था में दौड़ाया गया। इस दौरान पीड़िता का मासूम बेटा रोता-बिलखता रहा, लेकिन आरोपियों का दिल नहीं पसीसा। वहां मौजूद लोग इस घटना का वीडियो बनाते रहे, लेकिन किसी ने आरोपियों को रोकने-टोकरने की जहमत नहीं उठाई।

मामला उदयपुर के देवला इलाके का बताया जा रहा है। घटना की सूचना पर उदयपुर जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा और



एसपी भूषण यादव मौके पर पहुंचे और पीड़ित महिला को अपने साथ लेकर उदयपुर आए।

पीड़िता का मेडिकल चेकअप कराया गया है। इसमें महिला के किसी तरह की गंभीर चोट नहीं मिली है। उदयपुर के एसपी भूषण यादव ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की एक टीम आरोपियों के गांव भेजी गई थी। वहां से जिस महिला को पीड़ता के साथ अपने पति के प्रेम-प्रसंग की आशंका थी उस महिला के साथ उसके भाई व एक अन्य महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ में किसी और के भी नाम सामने आएंगे तो कार्रवाई की जाएगी।

### वीडियो वायरल होने पर कार्रवाई

बताया जा रहा है कि यह घटना गुरुवार की है, लेकिन अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद शुक्रवार को उदयपुर एसपी भुवन भूषण यादव के निर्देशन में पुलिस टीम पीड़ित महिला के घर पहुंची और उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। एसपी ने बताया कि इस पूरे मामले को लेकर पुलिस के अधिकारी जांच कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव ने बताया कि इस मामले में IT एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### पीड़िता के पति की एक साल पहले हो चुकी है मौत

कलेक्टर ताराचंद मीणा ने बताया कि पीड़िता सिलाई का काम करती है। करीब एक साल पहले उसके पति की मौत हो चुकी है। भीमाना की रहने वाली एक दर्जन से अधिक महिलाएं पीड़िता की दुकान पर पहुंचीं और उसके साथ मारपीट करते हुए उसके सिर के बाल काट दिए। उसके बाद विधवा महिला को निर्वस्त्र कर बीच बाजार दौड़ाया। इस दौरान पीड़िता का बेटा रो-रोकर चिल्लाता रहा, लेकिन मारपीट करने वाली महिलाओं का दिल नहीं पसीजा। आस-पास के लोगों ने बीच-बचाव की काफी कोशिश की, लेकिन मारपीट करने वाली महिलाओं ने उनको भी डरा-धमका कर भगा दिया। कलेक्टर मीणा ने कहा कि महिला की हर संभव मदद के लिए जिला प्रशासन तैयार है।

### आरोपी महिला, उसकी भाभी व भाई गिरफ्तार



महिला को निर्वस्त्र कर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने प्रसंज्ञान लिया। एसपी भुवन भूषण ने एसएचओ मुकेश कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम ने तलाशी अभियान शुरू किया। आरोपी पाली जिले के रहने वाले थे। इस पर टीम शुक्रवार को पाली पहुंची। देर रात बारिश ज्यादा होने से शनिवार को तलाश शुरू की गई। उनके थाना नाना इलाके के जंगल मे छुपे होने की सूचना के बाद आरोपी महिला, उसकी भाभी और दो भाइयों को स्थानीय पुलिस के सहयोग से डिटेन किया गया। एसपी भुवन भूषण ने बताया कि घटना की गंभीरता को देख जिला कलेक्टर के साथ वे खुद पीड़िता के घर पहुंचे। उसे तुरन्त मेडिकल सहायता उपलब्ध कराई गई। वहीं अन्य सहायता के लिए पीड़िता को उदयपुर लाया गया है।

---

**लौट रहे थे सेवानिवृति कार्यक्रम से**

# जीप और बस की भिड़ंत में चार बुजुर्गों की मौत, एक घायल




**बेधड़क | जोधपुर**

जिले के बालोतरा नेशनल हाईवे पर शनिवार दोपहर में जीप और बस की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में 4 बुजुर्गों की मौत हो गई। वहीं बस में सवार कुछ लोगों के चोटें आई हैं। आस-पास के लोगों ने सभी घायलों को जीप से निकाला और अस्पताल पहुंचाया। एक गंभीर घायल बुजुर्ग को एम्स में भर्ती करवाया गया है।

सभी लोग सेवानिवृति कार्यक्रम से वापस लौट रहे थे। सूचना पर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। बोरानाडा थानाधिकारी देवीचंद ने बताया कि भांडू और नारनाडी के बीच बस और जीप की टक्कर हुई। बासनी सिलावटान निवासी पांच बुजुर्ग किसी सेवानिवृति कार्यक्रम में गए थे। वापस आते समय तेज गति से आ रही बस ने उनकी जीप को टक्कर मार दी।

हादसे में देवाराम (65), नवलाराम (70), त्रिलोक राम (68) और दलाराम (65) की मौत हो गई, जबकि गंभीर घायल भूराराम को एम्स में भर्ती करवाया गया है। वहीं बस में सवार 11 लोगों को भी हल्की चोटें आई हैं। हादसे की जानकारी मिलते ही लूणी विधायक महेंद्र सिंह बिश्नोई, पूर्व विधायक जोगाराम पटेल और एसडीएम राजेंद्र दान भी अस्पताल पहुंचे।

उन्होंने कहा कि सरकार के नियमानुसार मृतक के आश्रितों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। पूर्व विधायक जोगाराम पटेल का कहना था कि भांडुप के आस-पास का इलाका दुर्घटना जोन बन गया है।

---

**शॉर्ट सर्किट से धमाके के बाद भभकी दुकान,** दो बाइक व एक टैंपो जला

# केमिकल की दुकान में लगी आग, दो जने 90% झुलसे, JLN अस्पताल में किया रेफर

**बेधड़क | अजमेर**

जिले के किशनगढ़ में एक केमिकल की दुकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। दुकान में केमिकल भरा होने के कारण कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया।

आगजनी की चपेट में आने से दो लोग 90 फीसदी झुलस गए। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अजमेर जेएलएन अस्पताल रेफर कर दिया गया। आग की चपेट में आने से दुकान के बाहर खड़ा एक



लोडिंग टेंपो, बाइक और टीवीएस मोपेड जल गई। सूचना पर दो दमकल मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास में जुट गई।

गांधीनगर थाना पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद लोगों को दूर हटाया। घटना किशनगढ़ के हरमाड़ा चौराहा मार्बल मंडी की है। जहां जैन कॉलोनी के रहने वाले नवीन कुमार जैन की पद्मावती के नाम से केमिकल की दुकान है।

उन्होंने बताया कि सुबह दुकान खोलने के बाद जैसे ही स्विच ऑन किया तो शॉर्ट सर्किट के बाद एक धमाका हुआ। इससे चारों तरफ आग फैल गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। आग की चपेट में आने से मोनू मोची (34) और कानाराम नट (35) बुरी तरह से झुलस गए। दोनों का अजमेर जेएलएन अस्पताल में इलाज चल रहा है।

---

**शराबी युवक ने** दोस्तों के साथ मिलकर की मारपीट

# बस चालक व परिचालक को पीटा

**बेधड़क | धौलपुर**

जिले में खनपुरा के पास शनिवार को एक बस के चालक और परिचालक को शराब के नशे में धुत युवक से उलझना महंगा पड़ गया। युवक ने अपने साथियों को मौके पर बुलाकर दोनों की बेरहमी से पिटाई कर दी।

इसके बाद बस में मौजूद सवारियों ने एंबुलेंस की मदद से घायल चालक और परिचालक को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। मारपीट में घायल चालक नरेश पुत्र रघुवीर और परिचालक सुनील पुत्र सियाराम निवासी कंचनपुर ने बताया कि धौलपुर से बाड़ी



के बीच उनकी बस चलती है। शनिवार दोपहर को नशे में धुत एक युवक गुलाब बाग चौराहे से उनकी बस में चढ़ गया।

इसके बाद वह बस में बैठी महिला सवारियों को परेशान करने लगा। जब महिलाओं ने विरोध किया तो परिचालक सुनील ने बस रुकवाई और युवक को नीचे उतार दिया। बस से नीचे उतारने पर आरोपी युवक ने अपने साथियों को फोन कर दिया। इसी दौरान बस जब बाड़ी से धौलपुर आ रही थी तो खनपुरा के पास रास्ते में 10 से ज्यादा लोग बीच सड़क पर खड़े मिले। सभी लोगों ने चालक और परिचालक को नीचे उतार मारपीट कर मौके से भाग गए।

---

**प्रदेश सरकार की विफलता व मोदी सरकार की बताएंगे सफलता**

# महारैली की तैयारियां पूरी, राजे सहित जुटेंगे कई नेता

■ पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल की अगुवाई में होगा आयोजन

**बेधड़क | कोटा**

प्रदेश सरकार की साढ़े चार साल की विफलताओं और मोदी सरकार की 9 साल की उपलब्धियों को लेकर पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल की अगुवाई में रविवार को कोटा में आयोजित महारैली में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित प्रदेश भाजपा के कई नेता शामिल होंगे। शनिवार को गुंजल ने कहा कि महारैली को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महारैली में लगे सभी कार्यकर्ताओं को व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही भाजपा कार्यकर्ता भी इस महारैली को ऐतिहासिक बनाने को लेकर संकल्पित हैं।

पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल ने कहा कि उन पर केस लगाना सरकार का पुराना हथकंडा है। साढ़े चार सालों से सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ आमजन के लिए हम लगातार आवाज उठा रहे हैं। जब-जब हमारा कोई कार्यक्रम या प्रदर्शन होता है तो सरकार की परंपरा अनुसार शहर में धारा 144 लगाई जाती है और हम पर केस लगाया जाता है। इसी तरह 2 जुलाई रविवार को होने



वाली महारैली को लेकर भी प्रदेश सरकार बौखलाई हुई है। उन्होंने कहा कि यह महारैली सरकार के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी। सरकार ने अपनी परंपरा का निर्वहन करते हुए इस रैली को लेकर भी हम पर पर केस लगाया है। इसका भाजपा कार्यकर्ता महारैली के बाद कड़ा जवाब देंगे। कोटा उत्तर का भाजपा कार्यकर्ता मुकदमों से डरने वाला नही है।

पूर्व विधायक गुंजल ने कार्यकर्ताओं से भी आह्वान किया कि आपने जिस तरह हमेशा सरकार की गलत नीतियों का विरोध किया है। उसी प्रकार अपने संकल्प को पूरा करते हुए इस महारैली को ऐतिहासिक बनाएं। पूर्व विधायक ने बताया कि दो डोम में एक लाख बीस हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था है।

वहीं तीसरे डोम की जगह बने पाइप पांडाल में 20 हजार कुर्सियां लगाई गई हैं।

### कार्यकर्ताओं में दिख रहा गुस्सा

महारैली के ऐतिहासिक होने की चर्चा के बाद से ही सरकार की नींद उड़ गई है। सरकार ने एक बार फिर पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इसे लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी गुस्सा दिख रहा है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि सरकार के इस कृत्य का जवाब हमेशा की तरह भाजपा कार्यकर्ता महारैली को ऐतिहासिक बनाकर देगा।

---

# 1650 किलो डोडा चूरा 500 ग्राम अफीम जब्त

**बेधड़क | चित्तौड़गढ़**

बस्सी थाना पुलिस ने शुक्रवार को एक कंटेनर से 1650 किलो अवैध अफीम डोडा-चूरा और 500 ग्राम अफीम जब्त की है। मामले में कंटेनर चालक के साथ डोडा चूरा व अफीम उपलब्ध कराने वाला आरोपी भी पकड़ा गया।

पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यन्त ने बताया कि पुलिस टीम मुखबिर की सूचना पर आवलहेडा पहुंची। वहां एक कंटेनर और उसके आगे एक सफेद रंग की पिकअप व एक बाइक खड़ी थी। कंटेनर में चालक और आगे खड़ी दोनों गाड़ियों के पास चार व्यक्ति खड़े हुए थे, जो पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा कर कंटेनर मे चालक सीट पर बेठे व्यक्ति को पकड़ लिया। वहीं बाहर खड़े 4 व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। कंटेनर में चालक सीट के पीछे ऊपर बने पार्टीशन मे 1650 ग्राम डोडा-चूरा व 500 ग्राम अफीम मिली।

इसे कंटेनर सहित जब्त कर आरोपी हरियाणा के भूढा खेड़ा थाना उकलाना मंडी जिला हिसार निवासी इन्द्रपाल जाट (34) को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने मादक पदार्थ घोसुंडी चौराहा स्थित रामदेव होटल के संचालक सहीराम विश्नोई से खरीदना बताया।

इस पर होटल संचालक जोधपुर के थाना झंवर निवासी सहीराम विश्नोई (42) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर 7 दिन के रिमांड पर लिया है।

### इवेंट: राजस्थान स्कूल ऑफ लॉ फोर वीमन्स में फेयरवेल

# आंखों में सपने, मन में बिछुड़ने का गम लिए विदा हुईं लॉ स्टूडेंट्स

बेधड़क | जयपुर



आंखों में खुशनुमा भविष्य के सपने और मन में अपने कैंपस को छोड़ कर जाने का गम। राजस्थान स्कूल ऑफ लॉ फोर वीमन्स में शनिवार को यह दृश्य देखने को मिला। मौका था बीए एलएल.बी. अंतिम वर्ष की छात्राओं के विदाई समारोह का। कार्यक्रम दीप प्रज्जवलन के साथ शुरू हुआ। सीनियर छात्राओं का तिलक लगाकर अभिनन्दन किया गया। समारोह के दौरान रैम्प शो, परिचय, नृत्य, कविताएं, मनोरंजक प्रतियोगिताएं आदि प्रस्तुतियों में छात्राओं का एक्साइटमेंट देखते ही बन रहा था। प्राचार्या डॉ. वर्तिका अरोड़ा व निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी ने छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में न्यायिक अधिकारी प्रशंसा अग्रवाल मौजूद रहीं। उन्होंने महाविद्यालय के अपने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि अंतिम वर्ष की छात्राएं अन्य छात्राओं के लिए पथ प्रदर्शक का कार्य करती है। उन्होंने छात्राओं को संदेश दिया कि कभी भी कोई निर्णय लें तो ये सोचकर लें कि आपके साथ महाविद्यालय का नाम हमेशा जुड़ा हुआ है। समारोह के दौरान ही महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'पेनिंग दा प्राइम्स' का अनावरण किया गया। सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा महक श्रीवास्तव को मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन तान्या अग्रवाल ने अपने साथियों के साथ किया।

### कानोड़िया कॉलेज में FDP शुरू

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के टीचिंग-लर्निंग सेंटर द्वारा 'होलिस्टिक अप्रोच टूवाईस टीचिंग' विषय पर सात दिवसीय फैकल्टी डॅवलपमेंट प्रोग्राम शनिवार को प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल के स्वागत उद्बोधन से हुआ। सात दिवसीय एफडीपी के पहले दिन विशिष्ट अतिथि के रूप में जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के डीन प्रो. एन डी माथुर ने 'डायनेमिक्स ऑफ टीचिंग' विषय पर अपने विचार साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार एक शिक्षक को अपने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करना चाहिए। एफडीपी में महाविद्यालय की 100 प्राध्यापिकाओं ने भाग लिया।

## Yuva स्टोरीज



**होनहार विद्यार्थियों का हुआ सम्मान |**
**जयपुर।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाकर कीर्तिमान स्थापित करने वाले विद्या भारती राजस्थान के होनहार छात्रों का शनिवार को सम्मान किया गया। विद्या आश्रम स्कूल स्थित महाराणा प्रताप सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में पूरे राजस्थान के आदर्श विद्या मंदिर स्कूलों में पढ़ने वाले 38 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। परीक्षा में 97 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को यह सम्मान मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अलवर सांसद महंत बालक नाथ योगी शामिल हुए। मुख्य वक्ता विद्या भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री गोविंद चंद महंत थे। अध्यक्षता हरियाणा सरकार के सूचना आयुक्त डॉ. प्रदीप शेखावत ने की। कार्यक्रम में छात्रों के साथ उनके माता-पिता व शिक्षकों का भी सम्मान किया गया।

**DU- SOL में प्रवेश आवेदन शुरू |**
**जयपुर।** दिल्ली विश्वविद्यालय के 'स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग' (एसओएल) ने शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण शुरू कर दिया है। इनमें प्रवेश के लिए विद्यार्थी 15 अगस्त तक आवेदन कर सकेंगे। एसओएल द्वारा कराये जाने वाले स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालय-संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) में शामिल होने की जरूरत नहीं होगी। एसओएल ने छह स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों एमबीए, एमए हिंदी, एमए इतिहास, एमए राजनीति विज्ञान, एमए संस्कृत और एमकॉम में दाखिले के लिए छात्रों से आवेदन मांगे हैं।



**नए सत्र के पहले दिन कुलपति ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा |**
**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र के पहले दिन कुलपति प्रो. राजीव जैन ने पीजी स्कूल ऑफ कॉमर्स, सामाजिक विज्ञान संकाय व ह्यूमनिटीज भवनों में स्थित विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों के साथ ही विज्ञान संकाय से जुड़े विभागों व प्रयोगशालाओं का दौरा कर आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया। कुलपति ने इस दौरान संबंधित संकाय से जुड़े अधिष्ठाता व केंद्र निदेशकों सहित विभिन्न स्नातकोत्तर विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकों आदि के साथ शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को लेकर व्यापक विचार विमर्श किया| अपने इस विचार विमर्श के दौरान कुलपति ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कुलपति विभिन्न विभागों में अंतिम वर्ष में अध्ययन करने वाले उपस्थित विद्यार्थियों से भी मिले व उनसे उनके अध्यापन की स्थिति के संदर्भ में सीधा संवाद किया। उल्लेखनीय है कि राजस्थान विश्वविद्यालय में नवीन शैक्षणिक सत्र से नई शिक्षा नीति में दर्शाए गए सुझावों के अनुसार पाठ्यक्रमों को तैयार किए जाने का कार्य प्रगति पर है। कुलपति ने पाठ्यक्रमों के निर्माण से जुड़ी आवश्यक जानकारियां भी इस दौरान शिक्षकों से प्राप्त की |




**जवानों के बच्चों को मिलेगी स्कॉलरशिप |**
**जयपुर।** मोदी यूनिवर्सिटी लक्ष्मणगढ़ में पढ़ने वाले व नया प्रवेश लेने वाले पुलिस, सेना, और अर्धसैनिक बल कर्मियों के बच्चों को 35% तक की स्पेशल स्कॉलरशिप दी जाएगी। यूनिवर्सिटी प्रतिनिधियों ने शनिवार को पिंकसिटी प्रेस क्लब में आयोजित वार्ता 'संवाद' में यह घोषणा की। इस दौरान यूनिवर्सिटी के डीन एडमिनिस्ट्रेशन प्रो. एनके माहेश्वरी ने बताया कि लेटेस्ट टेक्नोलॉजी से स्टूडेंट्स को अपडेट करने के लिए यूनिवर्सिटी में नया इनक्यूबेशन सेंटर भी डिवेलप किया गया है। जहां से स्टूडेंट्स नई तकनीक के साथ स्टार्टअप की बारीकियों को भी समझ सकेंगे जो भविष्य में उनके लिए काफी मददगार और कारगर साबित होगा। इसके साथ ही यूनिवर्सिटी में परंपरागत कोर्सेज के साथ ही कई स्किल बेस्ड कोर्स मसलन डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, फॉरेंसिक साइंस, फूड एंड न्यूट्रीशयन, फिजियोथेरेपी, जर्नलिज्म एंड मास कम्यूनिकेशन, बॉयोमेडिकल एवं न्यूक्लियर साइंस एंड टेक्नोलॉजी जैसे कोर्स कराए जा रहे हैं जो देश की चुनिंदा यूनिवर्सिटी में ही उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी में ऑनलाईन माध्यम की भी शुरूआत की गई है। जिसके अन्तर्गत बीए, बीकॉम, एम कॉम के साथ ही एमबीए और एमसीए जैसे विभिन्न कॉर्सेस करवाए जाएगें। आरएएस, पीसीएस और आइएएस जैसी परीक्षाओं की भी कैंपस में ही स्टूडेंट्स को तैयारी कराई जा रही है।

### मंत्री ममता भूपेश ने किया उद्घाटन

# फैशन स्किल्स निखारेगा INIFD का नया कैंपस



बेधड़क | जयपुर

कमला पोद्दार ग्रुप के इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइन का मानसरोवर स्थित डिजाइन-केंद्रित एज्यूकेशनल कैम्पस की शनिवार को स्टूडेंट्स के जोश और उत्साह के बीच शुरुआत हुई।

महिला एवं बाल कल्याण मंत्री ममता भूपेश बैरवा ने इस कैम्पस का उद्घाटन किया। उन्होंने सभी से राज्य सरकार की महिला सशक्तिकरण की योजनाओं से जुड़ने की अपील करते हुए स्टूडेंट्स के उज्जवल भविष्य की कामना की।

उद्घाटन समारोह में आईएनआईएफडी ग्लोबल सीईओ अनिल खोसला, मेधावी स्किल यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रवेश दुदानी, बॉलीवुड अभिनेता और सेलिब्रिटी होस्ट अमन यतन वर्मा, सीएमडी फर्स्ट इंडिया न्यूज़ जगदीश चंद्र, चीफ मेंटर और डिजाइनर एशले रेबेलो व मोटिवेशनल स्पीकर संदीप कोचर सहित डिजाइन उद्योग, शिक्षा जगत और सरकारी क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित लोग शामिल हुए। इस अवसर पर कमला पोद्दार ग्रुप (केपीजी) की चेयरपर्सन कमला पोद्दार ने बताया कि आईएनआईएफडी लगातार डिजाइन उद्योग में उभरते ट्रेंड्स के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए प्रतिबद्ध है।

इसी प्रतिबद्धता के अनुरूप, केपीजी द्वारा आईएनआईएफडी का नया कैम्पस शुरू किया गया है। यह कैम्पस फैशन, इंटीरियर डिजाइन और कौशल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए समर्पित होगा। केपीजी इस वर्ष अपनी स्थापना के 25वें वर्ष का जश्न मना रहा है।

### प्रदर्शनी में दिखी स्टूडेंट्स की प्रतिभा

लॉन्च इवेंट में आईएनआईएफडी के स्टूडेंट्स के रचनात्मक कौशल को उनकी डिजाइनों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इन डिज़ाइनों को न्यूयॉर्क, लंदन और लैक्मे में प्रतिष्ठित फैशन वीक में भी प्रदर्शित किया जा चुका है। गेस्ट्स ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर स्टूडेंट्स के डिजाइन्स देखे और उनके कौशल की तारीफ की। इस अवसर पर मेधावी स्किल और एनएसडीसी प्रोग्राम्स भी लॉन्च किए गए। इस दौरान मेधावी स्किल यूनिवर्सिटी के चांसलर प्रवेश दुदानी ने यूनिवर्सिटी और प्रोग्राम्स के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी।

### अमन के साथ स्टूडेंट्स ने मिलाई ताल

कार्यक्रम के दौरान बॉलीवुड अभिनेता अमन वर्मा ने स्टूडेंट्स के साथ जमकर डांस किया। स्टूडेंट्स का उत्साह भी इस दौरान परवान पर रहा। अमन ने स्टूडेंट्स के साथ इंटरेक्शन करते हुए उनके सवालों के जवाब भी दिए। स्टूडेंट्स ने फिल्मी दुनिया से जुड़ी अपनी जिज्ञासाएं अमन से सवाल पूछकर शांत कीं।



### रीट-लेवल 1 के लिए तिथि घोषित

# 5 से 17 जुलाई तक करवाएं डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने शिक्षक भर्ती परीक्षा (REET) लेवल-1 के डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन की तारीख घोषित कर दी है। परीक्षा में शॉर्ट लिस्टेड अभ्यर्थी प्रदेशभर में 5 जुलाई से 17 जुलाई तक जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय पर डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन करवा सकेंगे। अभ्यर्थी अपने गृह जिले में दस्तावेजों का सत्यापन करवा सकेंगे। जिन जिलों में यह सुविधा नहीं है उनके लिए नजदीक के जिलों में व्यवस्था की गई है। इसके बाद 21,000 पदों के लिए फाइनल रिजल्ट जारी कर अभ्यर्थियों को पोस्टिंग दी जाएगी। डॉक्यूमेंट वैरीफिकेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड उम्मीदवारों की फाइनल लिस्ट शिक्षा विभाग भेजेगा। जहां से फाइनल रिजल्ट के आधार पर उम्मीदवारों को पोस्टिंग दी जाएगी। इस पूरी प्रक्रिया में 2 महीने का वक्त लग सकता है। ऐसे में लेवल-1 के 21000 पदों पर इसी साल सितंबर तक उम्मीदवारों को पोस्टिंग मिल सकती है। लेवल-2 के लिए डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की तारीख अगले सप्ताह जारी की जा सकती है।

### ऐसे देखें अपनी तिथि

शिक्षक भर्ती परीक्षा के 21000 पदों के लिए शॉर्ट लिस्ट किए गए 41546 अभ्यर्थी शाला दर्पण पोर्टल पर अपनी लॉगिन आईडी से खुद के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की तारीख का पता लगा सकेंगे। इसके लिए उन्हें शाला दर्पण मॉड्यूल पर रजिस्ट्रेशन करना जरूरी होगा। किसी को पोर्टल पर समस्या आती है तो वह अपने गृह जिले में शिक्षा अधिकारी मुख्यालय में बने कंट्रोल रूम में भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है।

### JOSAA काउंसलिंग — टॉप-20 पर्सेन्टाइल और मार्कशीट नहीं होने से आई परेशानी

# सीट मिली पर वेरिफिकेशन में अटके कई स्टूडेंट्स

बेधड़क | जयपुर/कोटा



देश के आईआईटी-एनआईटी सहित 116 इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों के सामने नया संकट आ गया है। JoSAA काउंसलिंग के प्रथम सीट आवंटन के साथ ही हजारों विद्यार्थी ऐसे सामने आ रहे हैं, जिन्हें कॉलेज तो मिल गया है लेकिन उनके पास संबंधित बोर्ड की ओरिजनल मार्कशीट नहीं होने के कारण वैरिफिकेशन में एडमिशन अटक गया है। हालांकि काउंसलिंग की ऑनलाइन रिपोर्टिंग की अंतिम तिथि 4 जुलाई शाम 5 बजे तक है।

कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि JoSAA काउंसलिंग की ऑनलाइन रिपोर्टिंग में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के सामने परेशानियां रही है। पहली परेशानी टॉप-20 पर्सेंटाइल की है।

कई बोड्र्स की 12वीं की टॉप-20 पर्सेन्टाइल जारी नहीं होने के कारण विद्यार्थी प्रवेश की बोर्ड प्राप्तांकों की पात्रता को लेकर असमंजस में हैं। जिन विद्यार्थियों के बोर्ड में 75 प्रतिशत अंक नहीं हैं, और उन्हें सीट आवंटित हो गई है, वे विद्यार्थी टॉप-20 पर्सेन्टाइल स्कोर का इंतजार कर रहे हैं। दरअसल, इस वर्ष तीन वर्षों के बाद आईआईटी, एनआईटी व ट्रिपलआईटी में प्रवेश के लिए 75 प्रतिशत या टॉप-20 पर्सेन्टाइल में शामिल होने की बोर्ड पात्रता रखी गई है। कुछ विद्यार्थियों को उम्मीद है कि बोर्ड में टॉप-20 पर्सेन्टाइल स्कोर से वे पात्रता पूरी कर लेंगे, फिलहाल इन विद्यार्थियों के प्रवेश पर संकट है।

दूसरी समस्या मार्कशीट से जुड़ी है। कई बोड्र्स ने अभी तक 12वीं की मार्कशीट जारी नहीं की है। डॉक्यूमेंट वैरिफिकेशन के समय मार्कशीट मांगी जा रही है, इंटरनेट की मार्कशीट मान्य नहीं हो रही है और प्रवेश अटका दिया गया है। विद्यार्थियों ने संबंधित बोर्ड से निवेदन किया है कि जल्द से जल्द मार्कशीट जारी की जाए, ताकि एडमिशन सुनिश्चित हो सके। इस विसंगति में राजस्थान सहित देश के कई बड़े बोर्ड शामिल हैं।

### इन बोर्ड्स की टॉप-20 पर्सेन्टाइल शेष

आहूजा ने बताया कि देश में एनआईटी, ट्रिपलआईटी में एडमिशन के लिए तीन बड़े बोर्ड राजस्थान, पश्चिम बंगाल और ओपन स्कूल बोर्ड का टॉप-20 पर्सेन्टाइल स्कोर जारी नहीं हुआ है। वहीं आईआईटी में एडमिशन के लिए एएमयू, बनस्थली, कैम्ब्रिज, छत्तीसगढ़, दयालबाग, जम्मू-कश्मीर, जामिया, कर्नाटक, केरला, उत्तराखंड, मध्यप्रदेश, मिजोरम, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडू, तेलंगाना, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओपन स्कूल राजस्थान, पश्चिम बंगाल आदि बोर्ड्स का टॉप-20 पर्सेन्टाइल जारी नहीं किया गया है।

### ऐसे में क्या करें विद्यार्थी

ऐसे विद्यार्थी जिनकी ऑनलाइन रिपोर्टिंग के दौरान डॉक्यूमेंट वैरिफिकेशन में उपरोक्त परेशानी आ रही है। वे वेबसाइट पर जारी किए गए संबंधित आवंटित कॉलेजों के रिपोर्टिंग ऑफिसर्स से ई-मेल एवं दिए गए फोन नम्बर पर संपर्क कर सकते हैं।

**शाश्वत सनातन**



पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

## अरब सागर में स्थित है निष्कलंक महादेव मंदिर | यहां पांडवों को मिली थी पापों से मुक्ति

# सदियों से सागर में विराजे भगवान शिव





महाभारत काल के ऐसे अनेक स्थान हैं, जो आज भी उस काल के महान युग के साक्ष्य हैं। कई ऐसे स्थान हैं, जो भगवान श्रीकृष्ण से जुड़े हैं तो कई पांडवों की तपस्या और पश्चाताप के साक्षी हैं। महाभारत के विनाशकारी युद्ध के बाद पांडव अपने सगे-संबंधियों के वध के पाप से मुक्ति के लिए भी प्रयास करते रहे। ऐसा ही एक क्षेत्र गुजरात के भावनगर में अरब सागर तट पर स्थित है, जहां भगवान शिव ने पांचों पांडवों को निष्कलंक किया। इसलिए यहां निष्कलंक महादेव मंदिर स्थापित हुआ, जहां 5 स्वयंभू शिवलिंग प्रतिष्ठित हैं।



### समुद्र में डूब जाता है मंदिर

अरब सागर में भावनगर के कोलियाक में स्थित यह मंदिर तट से लगभग 1 किलोमीटर अंदर पानी में स्थित है। श्रद्धालु पानी में से होकर ही इस मंदिर में दर्शन करने के लिए जाते हैं। मंदिर एक चौकोर चबूतरे पर स्थित है। यहां 5 स्वयंभू शिवलिंग हैं, जहां प्रत्येक शिवलिंग के पास एक नंदी भी विराजमान है। जब भी समुद्र में ऊंचा ज्वार उठता है, तब मंदिर डूब जाता है। इस दौरान सभी शिवलिंग पानी के अंदर चले जाते हैं। दूर से मात्र मंदिर की ध्वजा ही दिखाई पड़ती है। इसके बाद जब पुनः समुद्र का जल स्तर कम होता है, तब वापस से मंदिर दिखाई देने लगता है। समुद्र की ताकतवर लहरों के बीच सदियों से यह मंदिर बिना किसी नुकसान के खड़ा है। यह अपने आप में वास्तव में आधुनिक इंजीनियरों और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों के लिए एक अनसुलझा रहस्य बना हुआ है।

### पैदल चल कर जाना पड़ता है मंदिर

मंदिर पहुंचने पर भक्त सबसे पहले एक तालाब में अपने हाथ-पैर धोते हैं, जिसे पांडव तालाब कहा जाता है और फिर मंदिर के दर्शन करते हैं। यह भारत के अत्यंत दुर्लभ शिव मंदिरों में से एक है।

### एक मान्यता यह भी

ऐसी मान्यता है कि किसी प्रियजन की चिता की राख यदि इस शिवलिंग पर लगाकार जल में प्रवाहित कर दी जाए, तो उसको मोक्ष प्राप्त हो जाता है। इस मंदिर में भगवान शिव को राख, दूध, दही और नारियल अर्पित किए जाते हैं।

### 5000 वर्ष पुराना है मंदिर

महाभारत का युद्ध समाप्त हो चुका था। पांडव दुःखी थे कि उन्होंने अपने ही सगे-संबंधियों को युद्ध में मौत के घाट उतार दिया। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण से सलाह मांगी। उन्होंने पांडवों को एक काली गाय और काला ध्वज दिया और कहा कि पांडव ध्वज को लेकर काली गाय का अनुसरण करें। जहां भी दोनों का रंग सफेद हो जाएगा, वहां पांडवों को उनके पाप से मुक्ति मिल जाएगी। पांडव कई दिनों तक विभिन्न स्थानों पर उस काली गाय का अनुसरण करते हुए घूमते रहे। लेकिन न तो गाय का रंग ही बदला और ना ही उस ध्वजा का। घूमते-घूमते जब पांडव वर्तमान गुजरात के कोलियाक तट पर पहुंचे, तब ध्वजा और गाय दोनों सफेद रंग के हो गए। पांडवों ने प्रसन्न होकर इस स्थान पर भगवान शिव की तपस्या की। पांडवों की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने पांचों भाइयों को 5 अलग-अलग शिवलिंग के स्वरूप में दर्शन दिए। चूंकि भगवान शिव ने पांडवों को भगवान कृष्ण के कहे अनुसार पाप से मुक्त किया अर्थात निष्कलंक बनाया, इस कारण यह स्थान निष्कलंक महादेव नाम से पूजित हुआ।



### भाद्रपद में लगता है यहां मेला


भाद्रपद महीने की अमावस्या को यहां मेला लगता है, जिसे 'भाद्रवी' कहा जाता है। भाद्रवी का विशेष महत्व है। हालांकि अमावस्या और पूर्णिमा के दौरान ज्वार सक्रिय रहता है और मंदिर पानी में डूबा हुआ रहता है, लेकिन भगवान शिव के भक्त भी ज्वार के उतर जाने की प्रतीक्षा में ही रहते हैं। सालाना प्रमुख मेला 'भाद्रवी' भावनगर के पूर्व महाराजा के वंशजों के द्वारा मंदिर की पताका फहराने से शुरू होता है। फिर यही पताका मंदिर पर अगले एक साल तक फहराती है, यह भी एक आश्चर्य की बात है कि साल भर एक ही पताका लगे रहने के बावजूद कभी भी इस पताका को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। चाहे कैसी भी विपदा आई हो।






**कविता**

## क्या है तेरा फ़िराक़ भी...





लोकेश कुमार सिंह 'साहिल'
जयपुर

क्या है तेरा फ़िराक़ भी क्या है
तेरा विसाल भी
जैसा तेरा जवाब है वैसा मेरा
सवाल भी।
तब ही तो ज़ीस्त में हमें आयेगा
अस्ल में मज़ा
मिलती रहें बुलन्दियां आते रहे
ज़वाल भी।
मेरी ही सोच ने मुझे दी है हमेशा
कशमकश
पाता रहा मैं हौसला होता रहा
निढाल भी।
खेला है तूने ज़िन्दगी मुझसे ये
बेरुख़ी का खेल
होने दे कोई फ़ैसला सिक्के को
अब उछाल भी।
ये ही तो पूरी उम्र का खाता-बही
है दोस्तों
मिलती रही शिकस्त भी होता
रहा कमाल भी।
कैसे बदन की टीस को करता
मैं दरकिनार जब
"कुछ तो हवा भी सर्द थी कुछ
था तेरा ख़याल भी।"
आख़िर नदी को मिल गया जो
भी था चाहिये उसे
'साहिल' ख़ुशी में चूर था
लेकिन था कुछ मलाल भी।

**शब्दों की सीख**

# पहली बारिश की बूंदें याद दिलाती बचपन की...





माधुरी भट्ट

उम्र का कोई भी दौर क्यूं न हो। तपती हुई धरती, उड़ती हुई धूल, असहनीय गर्मी से झुलसते पेड़ पौधे और खुली चोंच लिए पानी की खोज में उड़ते पंछियों को जब गर्मी में वर्षा ऋतु की पहली बारिश की फुहार मिलती है तो, अहा! स्वर्ग सदृश आनन्द की अनुभूति होने लगती है।



पहली फुहार तन- मन को भिगो कर वर्तमान से उड़ा ले चली सीधे बचपन की सैर कराने पहाड़ी वादियों की ओर। कुछ देर तो यह अहसास ही न रहा कि हम तो शहर में हैं और बचपन बहुत पीछे छूट चुका है। पहाड़ों की बारिश का आनन्द ही अद्भुत होता है। उमड़ते-घुमड़ते बादल, बीच-बीच में चकाचौंध कर देने वाली

चमकती बिजली, सच में भय मिश्रित रोमांच पैदा कर देती है रोम-रोम में...। बड़े भाई के साथ बारिश शुरू होते ही चुपके से मां से आंख चुरा कर घर से बाहर निकल जाना। बारिश में कूद- कूद कर एक- दूसरे पर छींटे मारना, तेज बहाव के साथ ऊपर से नीचे की तरफ आते बड़े-बड़े पथरों की गर्जना से घबरा कर जोर की चीख निकल पड़ना, मानों ऊपर से आते हुए बड़े-बड़े पत्थर पानी के तेज बहाव के साथ एक ही झटके में अपने आगोश में समेटने के लिए बेचैन हो रहे हों। ऊंचाई से गिरते झरने और साथ में बड़े-बड़े पत्थरों के लुढ़कने की आवाज, ओह! कितना भयावह, किन्तु रोमांचकारी दृश्य... आज भी रोम -रोम भय मिश्रित आनन्द से परिपूर्ण हो रहा है। मां का घबरा कर इधर-उधर ढूंढ मचाना, जोर-जोर से आवाजे लगाना। आनन्द में विघ्न न पड़े, इसलिए दोनों भाई-बहिन का एक-दूसरे के मुंह पर उंगली रखना। बेचारी मां का चारों दिशाओं में व्यग्रता के साथ ढूंढना... और अंत में दोनों का रंगे हाथ ऊपर से गिरते हुए तेज बहाव के आनन्द में टकटकी लगाए ऐसे पकड़ा जाना जैसे चोर चोरी करते हुए पुलिस के हाथों पकड़े गए हों।

ऊपर से भीगे हुए बदन में भीमल (एक तरह का पेड़) की सोटकी (बेंत) से तड़ातड़ पीटा जाना, फिर भी उस अद्भुत आनन्द में किसी तरह की कमी न आना, क्योंकि बेंत की मार के दर्द की क्या बिसात कि उस अद्भुत आनंद को फीका कर सके। काश! वह बचपन एक बार पुनः लौट आता। मां के हाथ की छड़ी यदि एक बार फिर पड़ जाती तो उम्र के इस दौर में भी फिर से बचपन की वही शोख चंचलता लौट आती। जिंदगी जीने का अंदाज ही बदल जाता।

राकांपा प्रमुख ने शिंदे सरकार पर कसा तंज और दोहराया- भगवा दल नहीं समझ पाया था मेरी चाल

# महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने में शिंदे सरकार नाकाम: पवार

एजेंसी । पुणे

राकांपा के अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को एकनाथ शिंदे सरकार पर महाराष्ट्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने में 'विफल' रहने को लेकर निशाना साधा। शिंदे सरकार ने 30 जून को सत्ता में एक साल पूरा किया है।

इसको लेकर पूछे गए सवाल पर पवार ने कहा, राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर एक गंभीर सवाल है। महिलाओं पर हमले, कोयता (धारदार हथियार) वाले गिरोह गंभीर मुद्दा है। राज्य सरकार कानून व्यवस्था बनाए



रखने में नाकाम साबित हुई है। उल्लेखनीय है कि विपक्ष, कुछ जगहों पर मुगल शासक औरंगजेब और 18वीं सदी के मैसूर शासक टीपू सुल्तान के पोस्टर लगाने को लेकर सांप्रदायिक उन्माद भड़काने के साथ-साथ महिलाओं पर अपराध को लेकर शिंदे सरकार पर हमला बोल रहा है

### मेरी गुगली को BJP कभी समझ नहीं पाई

भाजपा पर तंज कसते हुए पवार ने कहा कि वे (भाजपा/फडणवीस) मेरी 'गुगली' को कभी समझ नहीं पाए। उन्हें ये कभी समझ नहीं आएगा क्योंकि सिर्फ एक गेंदबाज ही 'गुगली' फेंकने का तरीका जानता है। पवार ने कहा कि क्यों दो दिन बाद ही पार्टी ने शपथग्रहण समारोह आयोजित कर दिया था जबकि वह जानते थे कि राकांपा ने भाजपा के साथ गठबंधन कर सरकार बनाने की योजना को टाल दिया है। भगवा दल उनकी इस चाल को समझ पाने में नाकाम रहा। ज्ञात रहे कि नवंबर 2019 विधानसभा चुनाव के बाद जल्दबाजी में मुख्यमंत्री के रूप में फडणवीस के शपथग्रहण पर अपने हालिया बयान में पवार ने कहा था कि यह उनकी 'गुगली' थी, जिसने सत्ता के लिए भाजपा की लालसा को उजागर करने का काम किया। फडणवीस सरकार में राकांपा के अजित पवार उपमुख्यमंत्री रहे थे, जो महज 80 घंटे में गिर गई थी।

### बीएमसी में भ्रष्टाचार के खिलाफ शिवसेना (यूबीटी) ने निकाला मार्च

**मुंबई।** पिछले एक साल में बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) में हुए 'भ्रष्टाचार' के विरूद्ध शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे की अगुवाई में शनिवार दोपहर दक्षिण मुंबई में एक मार्च निकाला गया। उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना यूबीटी के नेता, विधायक एवं सांसदों ने इस मार्च में हिस्सा लिया। विधायक सुनील प्रभु ने कहा कि बीएमसी में भ्रष्टाचार के खिलाफ 'जनाक्रोश' है। बीएमसी पर 1997-2022 तक अविभाजित शिवसेना का नियंत्रण था। उसकी आमसभा का कार्यकाल मार्च, 2022 में समाप्त हो गया। चूंकि नया चुनाव नहीं हुआ, इसलिए बीएमसी पर अब मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली महाराष्ट्र सरकार द्वारा नियुक्त प्रशासक का नियंत्रण है।



### बिहार: शिक्षा मंत्री के बड़े भाई भाजपा में हुए शामिल



**पटना।** बिहार के शिक्षा मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर के बड़े भाई रामचंद्र प्रसाद यादव भाजपा में शामिल हो गए हैं। रामचंद्र प्रसाद यादव ने दावा किया कि लालू प्रसाद की पार्टी राजद ने दलितों और वंचितों के उत्थान के लिए कुछ नहीं किया। यादव यहां प्रदेश भाजपा इकाई मुख्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए। यादव ने भाजपा में शामिल होने के बाद संवाददाताओं से कहा कि यदि भाजपा उन्हें मधेपुरा विधानसभा सीट से टिकट देती है, जिसका प्रतिनिधित्व वर्तमान में उनके छोटे भाई कर रहे हैं, तो वह निश्चित रूप से वहां से राजद के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे।

### अखिलेश यादव के जन्मदिन पर काटा टमाटर जैसा केक



**लखनऊ।** वाराणसी में सपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के 50वें जन्मदिन पर टमाटर जैसा केक काटा और इसकी बढ़ती कीमतों को रेखांकित करने के लिए लोगों के बीच टमाटर बांटे। सपा की उप्र इकाई के अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने पीटीआई-भाषा को बताया कि पोस्टर कार्यकर्ताओं द्वारा लगाए गए हैं। उन्होंने कहा, मैं ईश्वर से पार्टी कार्यकर्ता और लोगों की इच्छा पूरी करने की प्रार्थना करता हूं। अखिलेश ने पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया। हालांकि सपा कार्यकर्ताओं द्वारा लगाए गए पोस्टर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने तंज कसा है।

राष्ट्रीय सहकारिता कांग्रेस में पीएम मोदी का कांग्रेस पर तंज, बोले-

# यह 'मोदी की गारंटी' है, किसान को हर साल ₹50000 का लाभ

एजेंसी । नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार कृषि क्षेत्र और किसान कल्याण के लिए सालाना 6.5 लाख करोड़ रुपए खर्च कर रही है, जिससे प्रत्येक किसान को सालाना लगभग 50,000 रुपए का लाभ मिल रहा है। मोदी ने चुनावी गारंटियों को लेकर प्रत्यक्ष तौर पर कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि केंद्र सरकार सिर्फ वादे नहीं करती, बल्कि उन्हें पूरा भी करती है।

उन्होंने कहा कि यह सिर्फ वादा नहीं है बल्कि 'मोदी की गारंटी' है। प्रधानमंत्री ने यहां आयोजित भारतीय सहकारिता कांग्रेस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। इसे हाल के दिनों में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों द्वारा किए गए चुनावी वादों पर परोक्ष कटाक्ष के रूप में देखा जा रहा है। मोदी ने उर्वरक सब्सिडी, खाद्यान्न खरीद और पीएम-किसान के रूप में किसानों को दिए गए फायदे गिनाते हुए कहा,यह दिखाता है कि गारंटी कैसी दिखती है और किसानों के जीवन में बदलाव के लिए कितने बड़े प्रयासों की जरूरत है।



### पीएम मोदी ने गिनाए ये काम

मोदी ने कहा कि सरकार ने अन्य देशों की तुलना में सस्ती दरों पर उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित की है, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर बड़ी मात्रा में अनाज खरीदा है और पीएम-किसान योजना के तहत किसानों के बैंक खातों में सीधे भुगतान किया है।

### किसानों को भेजे 2.5 लाख करोड़

मोदी ने कहा कि पिछले चार साल में पीएम किसान योजना के तहत किसानों के खातों में 2.5 लाख करोड़ रुपए भेजे जा चुके हैं। पीएम किसान में किसानों को सालाना 6,000 रुपए मिलते हैं। आप इसी बात से अंदाजा लगा सकते हैं कि यह आंकड़ा कितना बड़ा है, जबकि 2014 से पहले के पांच वर्षों में कुल कृषि बजट 90,000 करोड़ रुपए से कम था।

### सहकारी समिति कानून में संशोधन के लिए विधेयक

सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि बहु-राज्य सहकारी समितियों पर कानून को संशोधित करने के लिए संसद के मानसून सत्र में एक विधेयक लाया जाएगा। इस कवायद का मकसद कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि सरकार एक नया सहकारी कानून बनाना चाहती है, जिससे अगले 25 वर्षों में इस क्षेत्र के विस्तार में मदद मिलेगी। इसके अलावा सरकार एक सहकारी विश्वविद्यालय स्थापित करने की योजना भी बना रही है, जिसके लिए अंतर-मंत्रालयी चर्चा शुरू की गई है।

### सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन किया शुरू

**शहडोल (मप्र)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को एक पोर्टल का अनावरण कर राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 की शुरुआत की और इस रोग के प्रबंधन के लिए दिशा निर्देश एवं इसकी निगरानी के लिए विभिन्न मॉड्यूल भी जारी किए। मोदी ने इस मौके पर कहा, आदिवासी समाज की इस सबसे बड़ी चुनौती को हल करने का बीड़ा अब हमारी सरकार ने उठाया है। आदिवासी समाज हमारे लिए सिर्फ एक सरकारी आंकड़ा नहीं है, ये हमारे लिए संवेदनशीलता का विषय है।इससे पहले यहां एक समारोह में मोदी ने विपक्ष पर कटाक्ष किया और लोगों से कांग्रेस सहित परिवार-केंद्रित राजनीतिक दलों द्वारा दी जा रही "फर्जी गारंटी" से सावधान रहने की चेतावनी दी।

राजनाथ की छत्तीसगढ़ में सभा

## वामपंथी उग्रवाद अब कुछ जिलों तक ही सीमित: राजनाथ



एजेंसी । कांकेर

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि पिछले नौ वर्षों में वामपंथी उग्रवाद का प्रभाव कुछ जिलों तक सिमट गया है और यदि माओवाद प्रभावित राज्य छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने पूरा सहयोग दिया होता तो यह समस्या खत्म हो गई होती।

राजनाथ छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले के मुख्यालय कांकेर शहर के नरहरदेव हाई स्कूल मैदान में मोदी सरकार की नौ साल की उपलब्धियों पर प्रकाश डालने के लिए आयोजित एक रैली को संबोधित कर रहे थे। सिंह ने कहा, छत्तीसगढ़ लंबे समय से वामपंथी उग्रवाद के खतरे से जूझ रहा है। नौ वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्रभावी कार्रवाई के कारण वामपंथी उग्रवाद का प्रभाव कम हुआ। यह अब केवल 10-12 जिलों तक ही सीमित रह गया है। इनमें से कुछ जिले छत्तीसगढ़ में हैं। राजनाथ ने कथित तौर पर हो रहे जबरन धर्म परिवर्तन को लेकर भी कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा और इसे रोकने के लिये कहा। उन्होंने भूपेश बघेल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में खासकर आदिवासी बहुल बस्तर क्षेत्र में धर्म परिवर्तन की घटनाएं बढ़ रही हैं जो स्वीकार्य नहीं है और इसे किसी भी तरह से रोका जाना चाहिए। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक शक्तिशाली देश के रूप में उभरा है। यदि कोई पड़ोसी देश शांति को बाधित करने और भारत पर बुरी नजर डालने की कोशिश करता है, तो उसे करारा जवाब दिया जाएगा।

कर्नाटक: मठ प्रमुखों ने दी भूख हड़ताल की चेतावनी

## धर्मांतरण व गोहत्या रोकथाम कानूनों को रद्द करने का विरोध

एजेंसी । मेंगलुरु

दक्षिण कन्नड़ जिले के विभिन्न मठों के प्रमुखों ने धर्मांतरण-रोधी कानून और गोहत्या रोकथाम अधिनियम को रद्द करने संबंधी कर्नाटक सरकार के फैसले का कड़ा विरोध किया है।

ओडियुरु मठ के गुरुदेवानंद स्वामी ने यहां संवाददाताओं से कहा कि महंतों की एक बैठक में कर्नाटक धार्मिक स्वतंत्रता अधिकार संरक्षण अधिनियम को वापस लेने और कर्नाटक पशु वध रोकथाम एवं संरक्षण अधिनियम में संशोधन करने के फैसले को लेकर कुछ मंत्रियों के हालिया बयानों की निंदा की गई। गुरुदेवानंद स्वामी ने इस कदम को हिंदू विरोधी करार देते हुए कहा कि सरकार को हिंदुओं की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार इस कदम पर आगे बढ़ती है तो महंत भूख हड़ताल करेंगे।

ज्ञात रहे कि बैठक में दक्षिण कन्नड़ जिले के 10 मठों के प्रमुखों ने हिस्सा लिया।

### कानूनी रास्ता भी अपनाएंगे

वज्रदेही मठ के प्रमुख राजशेखरानंद स्वामी ने कहा कि अगर धर्मांतरण-रोधी कानून रद्द किया जाता है या गोहत्या अधिनियम में बदलाव किया जाता है तो वे कानूनी रास्ता भी अपनाएंगे। राज्य सरकार ने जून में कहा था कि वह तीन जुलाई से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र में धर्मांतरण-रोधी कानून को रद्द करने के लिए एक विधेयक पेश करेगी।

मध्य प्रदेश में दस्तक: आम आदमी पार्टी की ग्वालियर में रैली

## महंगाई के लिए पीएम जिम्मेदार: केजरीवाल

एजेंसी । ग्वालियर, (मप्र)

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर प्रहार करते हुए उन्हें देश में चल रही महंगाई के लिए जिम्मेदार ठहराया और कहा कि यह देश में चल रही धन की लूट का नतीजा है।

केजरीवाल ने यहां मेला ग्राउंड में रैली को संबोधित करते हुए कहा, दिल्ली एवं पंजाब में बिजली का बिल शून्य है और 24 घंटे बिजली आती है। मध्यप्रदेश में 200 यूनिट बिजली का बिल 2,000 रुपए आता है और 10-10 घंटे बिजली नहीं आती। मैंने दिल्ली में बिजली मुफ्त की तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नाराज हो गए। कहते हैं मैं मुफ्त की रेवड़ी बांट रहा हूँ। मोदी जी यदि मैं मुफ्त की रेवड़ी बांट रहा हूं तो आपको क्या तकलीफ है। केजरीवाल ने मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा नीत केन्द्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा, पूरे देश में इतनी महंगाई क्यों हो गई। सरकारी खजाने की इन्होंने (मोदी सरकार) लूट मचा रखी है। अपने दोस्तों में पैसे लुटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने इतनी महंगाई कर रखी है कि लोगों के घर के खर्चे नहीं चलते।



पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव

# राज्यपाल का हिंसा प्रभावित दिनहाटा का दौरा, मृतक के परिजनों से मिले

एजेंसी । कूचबिहार/ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में 8 जुलाई को प्रस्तावित पंचायत चुनाव में हिंसा का सिलसिला जारी है। हालांकि केंद्रीय बलों की तैनाती की तैयारी जारी है।

तृणमूल कांग्रेस सुप्रीम व राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और प्रदेश भाजपा के कई वरिष्ठ नेता पंचायत चुनावों के लिए प्रचार कर चुके हैं। इस बीच, राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने शनिवार को कूचबिहार जिले के दिनहाटा में हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया और पंचायत चुनाव से पहले 27 जून को गोलीबारी की एक घटना में मारे गए व्यक्ति के परिजन से मुलाकात की। एक आधिकारी ने यह जानकारी दी। राज्यपाल कूचबिहार में उस अस्पताल में भी गए जहां झड़पों में घायल हुए लोगों का उपचार चल रहा है। बोस राज्य के उत्तरी जिलों के दौरे पर हैं। पिछले महीने पंचायत चुनावों के लिए नामांकन दाखिल करने के दौरान हुई हिंसा में राज्य के विभिन्न हिस्सों में आठ लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हो गए थे।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हत्या में कथित संलिप्तता के लिए कम से कम चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। अधिकारियों ने बताया, राज्यपाल ने मारे गए व्यक्ति के दिनहाटा स्थित घर में जा कर उसके परिजन से मुलाकात की।



### तृणमूल समर्थकों पर बम फेंकने का आरोप

एक अधिकारी ने बताया कि कूचबिहार के ओकराबारी इलाके में शुक्रवार रात फिर से तनाव उत्पन्न हो गया। कांग्रेस के एक उम्मीदवार के परिजन ने बताया कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस समर्थकों ने उनके घर पर बम फेंके। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आग बुझाने के लिए दमकल का एक वाहन तैनात किया गया। राज्यपाल की यात्रा पर तृणमूल कांग्रेस के नेता सोभनदेब चट्टोपाध्याय ने कहा कि राज्यपाल राज्य में कहीं भी जा सकते हैं लेकिन उन्हें निष्पक्षता से काम करना चाहिए।

### प्रमाणिक ने की राज्यपाल से मुलाकात

इससे पहले केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निसिथ प्रमाणिक ने जिले के सर्किट हाउस में राज्यपाल से मुलाकात की थी। राज्यपाल ने माकपा, कांग्रेस और भाजपा के उम्मीदवारों तथा नेताओं से भी बातचीत की।

### कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह

निशिथ प्रमाणिक और विपक्षी दल के नेताओं ने बोस से यह सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया कि कानून व्यवस्था कायम रहे और लोग पंचायत चुनावों में अपने मताधिकारों का प्रयोग कर सकें। प्रमाणिक ने कूचबिहार में संवाददाताओं से कहा, हमें उम्मीद है कि राज्यपाल आवश्यक कदम उठाएंगे ताकि लोग शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कर सकें।" नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि वे सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के 'अत्याचारों' के कारण प्रचार के लिए बाहर नहीं जा पा रहे हैं। माकपा के एक उम्मीदवार ने बोस के साथ बातचीत के बाद कहा हम अपने घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं, सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है।

### केंद्रीय बलों की 315 कंपनियों का इस्तेमाल करेगा चुनाव आयोग

इस बीच, राज्य चुनाव आयोग ने आठ जुलाई को होने वाले पंचायत चुनावों के लिए केंद्रीय बलों की 315 कंपनियों का उपयोग करने का निर्णय लिया है। इनका उपायोग मुख्य रूप से क्षेत्र में कानून व्यवस्था कायम रखने,विभिन्न नाकों की जांच करने, समुदायों के बीच आपसी विश्वास कायम करने, अंतरराष्ट्रीय और अंतरराज्यीय चौकियों और गश्त के लिए किया जाएगा। आयोग के एक अधिकारी ने पीटीआई भाषा को बताया कि वे बाद में स्थिति को देखते हुए केंद्रीय बलों की तैनाती को लेकर समीक्षा कर सकते हैं।

## जरूरी खबर

### भीम आर्मी प्रमुख पर हमले के आरोप में चार गिरफ्तार



**चंडीगढ़।** भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद पर हुए हमले में कथित तौर पर संलिप्त चार लोगों को हरियाणा के अंबाला से शनिवार को गिरफ्तार किया गया। हरियाणा के विशेष कार्यबल के उपाधीक्षक अमन कुमार ने बताया कि हरियाणा और उत्तर प्रदेश पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में इन लोगों को पकड़ा गया। कुमार ने बताया कि चार लोगों को अंबाला के शहजादपुर इलाके से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों की पहचान हरियाणा निवासी विकास और उत्तर प्रदेश निवासी विकास, प्रशांत और लॉविश के तौर पर की गई है। उन्होंने कहा कि आरोपियों को उत्तर प्रदेश पुलिस को सौंप दिया गया है।

### आईएसआईएस से जुड़े मामले में आरोपपत्र दाखिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने देशभर में आतंकवादी हमले करने की आईएसआईएस की साजिश से जुड़े एक मामले में कथित संलिप्तता को लेकर कर्नाटक के नौ लोगों के खिलाफ अपना पहला पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है। अभिकरण ने बताया कि आरोपपत्र में जिन नौ लोगों का उल्लेख है उनमें पांच तकनीकी पृष्ठभूमि के हैं तथा उन्हें विदेशी धरती से आईएसआईएस के आका (हैंडलर) ने आतंकी संगठन के एजेंडे को आगे बढ़ाने एवं आतंकवादी हमले करने के लिए रोबोटिक्स का कोर्स करने का निर्देश दिया था। यह आरोपपत्र शुक्रवार को दाखिल किया गया। आरोपियों पर अवैध गतिविधि रोकथाम अधिनियम, भादंसं तथा संपत्ति विध्वंस एवं नुकसान अधिनियम की संबंधित धाराएं लगाई गई हैं।

### जून में जीएसटी संग्रह 1.61 लाख करोड़ हुआ

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि जून में जीएसटी संग्रह 12 प्रतिशत बढ़कर 1.61 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। छह साल पहले एक जुलाई, 2017 को जीएसटी कर व्यवस्था लागू होने के बाद से सकल कर संग्रह चौथी बार 1.60 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा। वित्त मंत्रालय ने कहा कि 2021-22, 2022-23 और 2023-24 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के लिए औसत मासिक सकल जीएसटी संग्रह क्रमशः 1.10 लाख करोड़ रुपए, 1.51 लाख करोड़ रुपए और 1.69 लाख करोड़ रुपए है।

## भारत व फ्रांस की नौसेनाओं ने परखा कौशल



*नई दिल्ली। बंगाल की खाड़ी में इन दिनों भारत और फ्रांस की नौसेनाओं के बीच समुद्री सहभागिता अभ्यास जारी है। इसमें भारतीय नौसेना का जहाज आईएनएस राणा और फ्रांसीसी नौसेना का जहाज एफएस सरकॉफ शामिल है। इनसेट में रणनीति पर मंथन करते नौसैन्य अधिकारी।* **-पीटीआई**

### बृजभूषण सिंह के खिलाफ आरोपपत्र पर संज्ञान 7 को



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत इस बात का फैसला सात जुलाई को करेगी कि महिला पहलवानों का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने के मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दिल्ली पुलिस द्वारा दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेना है या नहीं। बृजभूषण भाजपा के सांसद हैं। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने शहर पुलिस की इस दलील पर गौर किया कि उसकी जांच अब भी जारी है और एक पूरक आरोपपत्र दायर किए जाने की संभावना है। अदालत को इस पर फैसला शनिवार को सुनाना था। न्यायाधीश ने कहा, चूंकि एफएसएल रिपोर्ट और सीडीआर (कॉल डिटेल रिकॉर्ड) रिपोर्ट का इंतजार है। इसमें समय लगने की संभावना है। मामले को7 जुलाई को विचार के लिए रखें।

## महाराष्ट्र के बुलढाणा में हादसा

# बस बनी आग का गोला, 25 यात्रियों की झुलसने से मौत

**एजेंसी** | नागपुर

महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में समृद्धि एक्सप्रेस-वे पर एक बस के खंभे और डिवाइडर से टकराकर पलट जाने के बाद उसमें आग लगने से 25 यात्रियों की झुलस कर मौत हो गई। हादसे में बस चालक और खलासी समेत आठ लोग बच गए। पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच से ऐसा प्रतीत होता है कि चालक को झपकी आ गई और उसने वाहन से नियंत्रण खो दिया।

चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक निजी बस नागपुर से पुणे जा रही थी, लेकिन रास्ते में बुलढाणा जिले के सिंदखेडराजा के पास रात करीब डेढ़ बजे बस पहले एक खंभे और फिर डिवाइडर से जा टकराई और इसमें आग लग गई। कुछ यात्री टूटी खिड़कियों से बाहर निकलने में सफल रहे। अधिकारियों ने बताया कि चालक ने दावा किया कि टायर फट गया था।



### शव सौंपने से पूर्व डीएनए जांच

चूंकि अधिकतर शव जल गए हैं, इसलिए अधिकारियों ने उन्हें उनके रिश्तेदारों को सौंपने से पहले पहचान सुनिश्चित करने के लिए डीएनए जांच कराने का निर्णय लिया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने दुर्घटना की जांच के आदेश दिए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू,पीएम नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और अन्य नेताओं ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है।

### यात्री मदद के लिए करते रहे गुहार... बेबस थे लोग

हादसे के बाद मौके पर पहुंचे एक स्थानीय निवासी ने कहा कि चार से पांच यात्री बस की एक खिड़की तोड़कर निकलने में कामयाब रहे। लेकिन हर कोई ऐसा नहीं कर सका। हमने राजमार्ग पर दूसरे वाहनों से मदद मांगी, लेकिन कोई नहीं रुका। स्थानीय लोगों ने बताया, हमने वहां पर दर्दनाक मंजर देखा। अंदर मौजूद यात्री खिड़कियां तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। हमने लोगों को जिंदा जलते देखा...आग इतनी भीषण थी कि हम कुछ नहीं कर सके। एक स्थानीय निवासी ने कहा कि अगर राजमार्ग से गुजर रहे वाहन मदद के लिए रुकते तो यात्रियों की जान बचाई जा सकती थी। हादसे में जीवित बचे एक यात्री आयुष घाटगे ने कहा,जब हादसा हुआ तो मैं आखिरी सीट पर सो रहा था। मैं तब जागा, जब दुर्घटना के बाद कुछ लोग मेरे ऊपर गिर पड़े। मैंने एक खिड़की तोड़ी और हम तीन यात्री एक-दूसरे की मदद से बाहर निकल आए।

### थी नौकरी की तलाश... मौत आ गई

हादसे में जान गंवाने वालीं अवनि पोहनेकर के रिश्तेदार ने एक टीवी चैनल को बताया कि वह एक आईटी इंजीनियर थीं और नौकरी की तलाश में वर्धा से पुणे जा रही थीं। अवनि उन 14 यात्रियों में से एक थीं, जो वर्धा से इस बस में चढ़े थे। हादसे में जान गंवाने वाले यवतमाल के गोंधडी गांव निवासी 23 वर्षीय निखिल पाठे के बड़े भाई हर्षद पाठे ने मीडिया को बताया, 'मेरा भाई नौकरी खोजने के लिए पुणे जा रहा था। लेकिन, यह उसकी अंतिम यात्रा बन गई। यह हादसा ऐसे कई लोगों के सपने लील गया।

## SC ने विशेष बैठक में की सुनवाई

# सीतलवाड़ को सुप्रीम राहत, गिरफ्तारी के आदेश पर रोक

**एजेंसी** | नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने शनिवार देर रात सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सीतलवाड़ को गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा प्रदान करते हुए गुजरात हाई कोर्ट के उस आदेश पर एक सप्ताह के लिए रोक लगा दी, जिसमें नियमित जमानत के लिए उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी और गोधरा दंगा मामले के बाद 2002 में निर्दोष लोगों को कथित तौर पर फंसाने के लिए सबूत गढ़ने के आरोप में उन्हें तुरंत आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया था।

देर रात की विशेष सुनवाई में न्यायाधीश बी आर गवई, न्यायाधीश ए एस बोपन्ना और न्यायाधीश दीपांकर दत्ता की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ अपील करने के लिए सीतलवाड़ को समय नहीं देने पर सवाल उठाया और कहा कि एक सामान्य अपराधी भी कुछ अंतरिम राहत का हकदार होता है। सीतलवाड़ को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत देने पर दो न्यायाधीशों की अवकाशकालीन पीठ के मतभेद के बाद तीन न्यायाधीशों की पीठ ने विशेष बैठक में मामले की सुनवाई की।



### HC में याचिका खारिज हुई तो पहुंची SC

गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा नियमित जमानत याचिका खारिज किए जाने के तुरंत बाद सीतलवाड़ ने राहत के लिए शीर्ष अदालत का रुख किया था। न्यायाधीश निर्झर देसाई ने सीतलवाड़ को तुरंत आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया था, जो पिछले साल सितंबर में शीर्ष अदालत से अंतरिम जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर हैं। उच्चतम न्यायालय गर्मी की छुट्टियों के कारण बंद है और सोमवार को फिर से खुलेगा।

## फर्जी पंजीकरण पर्ची से बढ़ी श्रद्धालुओं की आशंका

# कड़ी सुरक्षा में अमरनाथ यात्रा शुरू

**एजेंसी** | श्रीनगर/ बालटाल

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शनिवार को अमरनाथ यात्रा शुरू हो गई। इस दौरान श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और वे बाबा बर्फानी के दर्शन करने को आतुर दिखाई दिए। शिविरों में अधिकतर तीर्थयात्रियों ने उत्साह और आशंकाओं के बीच रात जगकर काटी। वहीं, कुछ इसलिए भी जगे रहे क्योंकि एजेंट ने उन्हें फर्जी पंजीकरण पर्ची दे दी थी। यात्रा बालटाल और पहलगाम के रास्ते से शुरू हो गई है।



### तृणमूल नेता सायोनी को किया फिर तलब

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल स्कूल भर्ती घोटाले के सिलसिले में तृणमूल छात्र परिषद की प्रदेश अध्यक्ष सायोनी घोष से पूछताछ करने के एक दिन बाद प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को उन्हें फिर पांच जुलाई को पेश होने के लिए कहा। एक अधिकारी ने बताया कि सायोनी को बुधवार को कुछ दस्तावेजों के साथ ईडी कार्यालय आने को कहा गया है।

### बदरीनाथ मार्ग... रास्ता साफ करने की कवायद

*चमौली। उत्तराखंड में चमौली जिले में चिंका के निकट बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन के कारण बिखरे मलबे को शनिवार को अर्थमूवर से हटाकर रास्ते को साफ करते कर्मचारी।*



## चुनावी रणनीतियों पर मंथन

# कांग्रेस-भाजपा ने दी अहम मसलों पर रणनीति को धार

### इस समय UCC अवांछनीय: कांग्रेस

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस शनिवार को भी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर अपने रुख पर कायम रही और कहा कि इस स्थिति में इसे लागू करना अवांछनीय है। पार्टी ने कहा कि यदि कोई कोई मसौदा विधेयक या रिपोर्ट इस मुद्दे पर आती है तो वह आगे टिप्पणी करेगी।

पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने संसदीय रणनीति समूह की बैठक की जिसमें उन्होंने 20 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मॉनसून सत्र के दौरान उठाए जाने वाले विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। मणिपुर हिंसा, पहलवानों के विरोध, मुद्रास्फीति, बढ़ती बेरोजगारी और विभिन्न राज्यपालों के आचरण को लेकर कांग्रेस सरकार को घेरने की तैयारी में है। बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी समान नागरिक संहिता पर 15 जून को पहले ही अपना रुख स्पष्ट कर चुकी है और यूसीसी को लेकर कांग्रेस के रुख में कोई परिवर्तन नहीं आया है उन्होंने कहा कि पिछले 15 दिनों के दौरान इस मामले में कुछ अतिरिक्त नहीं हुआ है, इसलिए पार्टी के पास अभी इस पर कहने के लिए कुछ नहीं है। दिल्ली अध्यादेश मुद्दे को लेकर आम आदमी पार्टी विपक्ष का समर्थन मांग रही है, लेकिन कांग्रेस का कहना है कि वह कानून आने के बाद इस पर गौर करेगी।



### भाजपा: चुनाव अभियान की समीक्षा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने शनिवार को पार्टी के महासचिवों और 'मोर्चा' प्रमुखों के साथ बैठकों की अध्यक्षता की और मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में महीने भर चलने वाले कार्यक्रम और आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की तैयारियों का जायजा लिया। सूत्रों ने बताया कि बैठक में विभिन्न राज्यों जहां इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देशभर में जारी पार्टी के अभियान पर चर्चा की गई। भाजपा की ओर से सीधे जनता से जुड़ने के लिए शुरू की गई महीने भर लंबी यह कवायद शुक्रवार को समाप्त हुई और इस दौरान केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार के नौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने रैलियां की।



#### 6 से 8 जुलाई तक क्षेत्रवार बैठकें

भाजपा अपनी संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करने और आगामी चुनावी चुनौतियों खासकर लोकसभा चुनाव के लिए रणनीति बनाने के लिए छह, सात और आठ जुलाई को अपने राज्य नेतृत्व की तीन क्षेत्रवार बैठकें भी आयोजित कर रही है।

## शौर्य को सम्मान देने की कवायद

# लैंसडाउन का नाम अब हो सकता है जसवंतगढ़

**एजेंसी** | देहरादून

उत्तराखंड के पौडी जिले में स्थित लैंसडाउन सैन्य छावनी बोर्ड ने लैंसडाउन नगर का नाम बदलकर 1962 के भारत-चीन युद्ध के नायक शहीद जसवंत सिंह के नाम पर 'जसवंतगढ़' करने का सुझाव दिया है। छावनी बोर्ड के अध्यक्ष ब्रिगेडियर विजय मोहन चौधरी की अध्यक्षता में हुई बैठक में लैंसडाउन का नाम बदलकर महावीर चक्र विजेता जसवंत सिंह के नाम पर जसवंतगढ़ रखने का प्रस्ताव पारित किया गया। इससे पहले, रक्षा मंत्रालय ने सैन्य क्षेत्रों के अंग्रेजों के जमाने में रखे गए नामों को बदलने के लिए छावनी बोर्ड से सुझाव देने को कहा था।

#### रोक दिए थे चीनियों के बढ़ते कदम

गौरतलब है कि पौड़ी जिले के बीरोंखाल क्षेत्र के बड़िया गांव के रहने वाले जसवंत सिंह ने गढ़वाल राइफल्स की चौथी बटालियन में तैनाती के दौरान 1962 में हुए भारत-चीन युद्ध में हिस्सा लिया था। उन्होंने अरूणाचल प्रदेश के तवांग में 17 नवंबर को चीनी सेना को 72 घंटे तक आगे बढ़ने से रोके रखा था। उन्हें मरणोपरांत महावीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

### हिम्मत शाह के शो के शुभारंभ पर आए देशभर से कला जगत के सितारे

# राजधानी में कला संसार 'अंडर दी मास्क'

**बेधड़क.जयपुर।** 90 बसंत देखने जा रहे कलाकार के साथ देश भर से आए कलाकारों ने जयपुर के मंच पर कला को जीया और शुरू हुई कला को आगे बढ़ाने पर चर्चा। ये अद्भुत कला संसार सजा जयपुर सेंटर ऑफ आर्ट एंड कल्चर में सजा। देश के विभिन्न इलाकों से आए 30 से अधिक कलाकार हिम्मत शाह के शो 'अंडर दी मास्क' के इनॉग्रेशन में शामिल हुए। इस अवसर पर हिम्मत शाह पर आधारित किताब का विमोचन किया गया प्रशासनिक अधिकारियों ने भी उपस्थिति दर्ज कराई। शो 'अंडर दी मास्क' में लॉक डाउन का अक्स है।




### रचनाएं देंगी नई दिशा

अंडर दी मास्क में पेंटिंग संग्रह पहली बार देखा जा रहा है। 300 कंटेंपररी पेंटिंग्स एक कलात्मक सफर को बयां कर रही हैं, जो शाह ने कोरोना काल में तय किया था। खास बात यह है, कि कुल 12 स्कल्पचर्स यहां प्रदर्शित किए गए हैं। इनमें से 2 स्कल्पचर्स डायमंड से बने हैं। शो में 'पोट्रेट ऑफ दी आर्टिस्ट' बायोग्राफी दिखाई जाएगी। जेसीसीए डायरेक्टर मोनिका शारदा ने बताया कि राजस्थान में शाह जैसे मास्टर का होना गर्व की बात है। कलाकारों को रचनाएं नई दिशा देंगी।



### जुटे देशभर के कलाकार

84 वर्षीय जोगेन चौधरी के रंगों की छाप विश्व स्तरीय कैनवास पर देखी जा सकती है। पद्मश्री रघु राय जिनका नाम फोटोग्राफी के क्षेत्र में अदब से लिया जाता है। प्रिंट मेकर और चित्रकार आरएम पलानीअप्पन मद्रास आर्ट मूवमेंट के महत्वपूर्ण कलाकारों में से एक हैं। एमएसयू बड़ौदा में फाइन आर्ट्स डिपार्टमेंट में पेंटिंग संकाय प्रमुख इंद्रप्रमित रॉय विश्वभर में अब तक 16 एकल प्रदर्शनी आयोजित कर चुके हैं। पश्चिम बंगाल के चंद्र भट्टाचार्य अब तक 11 सोलो शो और 60 से अधिक समूह प्रदर्शनियों में हिस्सा ले चुके हैं। समीर आईच पिछले तीन दशकों से कैनवास पर रंगों से कल्पनाओं को साकार कर रहे हैं।

### चित्रों में महिलाएं रहीं मुख्य विषय

वसुंधरा तिवारी ब्रूटा ने अपने चित्रों में महिलाओं को मुख्य विषय के रूप में जगह दी है। छत्रपति दत्ता कोलकाता के गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ आर्ट एंड क्राफ्ट के प्रिंसिपल हैं। अतीन बसाक एक ऐसे चित्रकार हैं, जिन्होंने पूर्व की मान्यताओं और जीवन शैली को कैनवास पर उतारने का काम किया है। साथ ही चित्रकार अमिताभा दास और कला भवन विश्वभार्ती यूनिवर्सिटी के पूर्व प्रिंसिपल गौतम दास मौजूद रहे। ललित कला अकादमी अध्यक्ष लक्ष्मण व्यास, कला समीक्षक प्रयाग शुक्ल, विद्यासागर उपाध्याय, उषा पटेल, भवानी शंकर, पद्मश्री गुलाबो कार्यक्रम में आईं।

## सीसी सड़क का लोकार्पण




**बेधड़क. जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 146 गली नंबर 6 बाईस गोदाम में विधायक कोष से 30 लाख रुपए की लागत से निर्मित सीसी सड़क का लोकार्पण किया। स्थानीय पार्षद कविता कटियार ने बताया कि गली नंबर 6 की सड़क काफी समय से टूटी हुई थी। स्थानीय लोगों की मांग पर क्षेत्रीय विधायक द्वारा विधायक कोष से इस सीसी सड़क का नवीनीकरण करवाया गया है। स्थानीय लोगों के द्वारा सराफ का माला एवं साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश मीडिया प्रभारी विमल कटियार, गजेंद्र शर्मा, परवेज भाई, योगेश बिरला, भानु प्रताप अवाना, विनोद वर्मा, राम सिंह गुर्जर, परशुराम यादव, अरुण कटियार, राधा सैनी, गीता भाटी, सूरज देवी, विजय खत्री एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे

## 'कबिरा खड़ा बाजार में' आज

**बेधड़क. जयपुर।** ललित कला संगम की ओर से रविवार को भीष्म साहनी लिखित नाटक कबिरा खड़ा बाजार में का मंचन किया जाएगा। रविंद्र मंच मैन ऑडिटोरियम में होने वाले नाटक में बशीरा की भूमिका जयपुर के धनेश वर्मा निभाएंगे। नाटक एक सशक्त और सीधे-सीधे बात करने वाली रचना है, जैसी स्वयं कबीर ने अपने जीवन काल में कही थी।

## 'रील बनाओ, स्मिता से मिलो'



**बेधड़क. जयपुर।** कैसा हो कि आपके घर की डोर बैल बजे और दरवाजा खोलते ही सामने फेमस टीवी एक्ट्रेस स्मिता बंसल खड़ी हो। वह आपके घर के अंदर आए और आपकी फेमिली के साथ टाइम स्पेंड करे। जी हां! ऐसा हो सकता है यदि आप अवेयर हो और दूसरों को भी अवेयर करो। दी जोयज ऑफ मदरहुड विषय पर रील कॉन्टेस्ट शुरू किया है। कॉन्टेस्ट में प्रतिभागियों को अपने मां होने के अहसास, मां बनने की खुशी या मां बनने के बाद उन्हें कैसा महसूस हुआ इस पर रील बनानी है। सबसे अधिक शेअर, लाइक्स, वीयूस, कॉन्सेप्ट और क्रीएटिविटि वाली सर्वश्रेष्ठ रील को सलेक्ट किया जाएगा और बालिका वधु फेम एक्ट्रेस स्मिता बंसल कॉन्टेस्ट के विनर के घर जाएंगी और उन्हें पुरस्कार देंगी। ऐसे में अपने इंस्टाग्राम पर कम से कम एक इंस्टाग्राम रील अपलोड करने के बाद प्रतियोगियों द्वारा सबमिट की जाने वाली इंस्टाग्राम रील्स की संख्या की कोई सीमा नहीं है। कॉन्टेस्ट 1 से 31 जुलाई तक है।

## City इवेंट्स

### राज्यपाल को दी शुभकामनाएं



**बेधड़क. जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र के जन्मदिन पर विप्र फाउंडेशन राजस्थान जोन वन प्रदेश अध्यक्ष राजेश कर्नल एडवोकेट के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल राजभवन पहुंचा और राज्यपाल को शुभकामनाएं देकर उनके स्वस्थ व दीर्घायु होने की कामना की। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश संरक्षक उमेश तिवारी, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र शर्मा, अजय पारीक, प्रदेश कोषाध्यक्ष नरेंद्र हर्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष प्यारे लाल शर्मा, जिला महामंत्री ग्रेटर सुशील पीरनगर, गंगाराम, किशन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### अंगदान के लिए किया अवेयर



**बेधड़क. जयपुर।** अंगदान रोटरी क्लब जयपुर व सामाजिक संस्था शुभ विचार की मंडली की ओर से रोटरी के नवसत्र के प्रथम दिवस पर जयपुर के विभिन्न उद्यानों में अंगदान के लिए लोगों को जागरूक किया गया। ऑर्गन डोनेशन के सचिव जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि व्यक्ति की मृत्य के बाद भी कई अंग कार्य करते हैं। उनको दान करके हम जरूरतमंद लोगों को नया जीवन दे सकते हैं। क्लब की ओर से पूरे जुलाई महीने में जयपुर के विभिन्न उद्यानों में जाकर लोगों को अंगदान कर लिए जागरूक किया जाएगा। इसके लिए टीम बनाकर पहल की गई है। सभी सक्रिए रूप से लोगों के बीच जा रहे हैं और उनको जागरुक कर रहे हैं।

### बच्चों के लिए होगा विशेष क्लब



**बेधड़क. जयपुर।** वर्तमान दौर में अभिभावकों की सबसे बड़ी चिंताओं में से एक बच्चों का डिजिटल स्क्रीन मोबाइल, टीवी और लैपटॉप से चिपके रहना है। ऐसे में जयपुर में अब बच्चों के लिए विशेष क्लब होगा। चैंपियंस स्टूडियो के संस्थापक सोनम जालान ने बताया कि हमने बच्चों के लिए एक ऐसी जगह की विकसित की है, जहां वे मनोरंजन कर सकें। सीख सकें और दूसरे बच्चों से मेलजोल बढ़ा सकें। बच्चों को उनकी जैसी सोच वाले लोगों और बच्चों के बीच रखना चाहते हैं और उन्हें प्रीमियम बुनियादी सुविधाएं और कोच देना चाहते हैं, जो उनके बचपन का सही तरीके से पोषण कर सकें। मिशन बच्चों को उनके गैजेट्स से दूर खुले मैदानों में ले जाना है।

### फ्राइडे सिने रात्रि फिल्म स्क्रीनिंग कॉन्सेप्ट

## नेशनल के साथ इंटरनेशनल शॉर्ट फिल्म्स करेंगे एंजॉय



**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर में फ्राइडे सिने रात्रि फिल्म स्क्रीनिंग इवेंट शुरू किया गया। निर्जीत एंटरटेनमेंट्स टी पोस्ट कैफे के साथ मिलकर स्क्रीनिंग इवेंट लेकर आए हैं। जहां हर फ्राइडे कैफे में फिल्म स्क्रीनिंग की जाएगी। इस दौरान जयपुराइट्स नेशनल और इंटरनेशनल शॉर्ट फिल्म्स को एंजॉय करेंगे।

इवेंट की पहली स्क्रीनिंग प्राइड मंथ रखी गई, जिसका उद्घाटन राजस्थान की ट्रांसजेंडर लीडर महामंडलेश्वर पुष्पा माई ने पोस्टर लॉन्च से किया। स्क्रीनिंग में ट्रांसजेंडर्स के जीवन और संघर्षों पर बनाई गई फिल्म 'क्वींस-डेस्टिनी ऑफ डांस' का प्रदर्शन किया गया। साथ ही फिल्म 'अहम् अस्मि' के टीजर वीडियो का प्रदर्शन हुआ। साथ ही पुष्पा माई और गेस्ट स्पीकर क्यूरोमाइंड्स इमोशनल काउंसलर डॉ. प्रज्ञा मिश्रा के साथ टॉक शो में 'सेन्सिटाइजेशन एंड एक्सेप्टेन्स टुवड्र्स ट्रांसजेंडर्स' पर चर्चा हुई। टॉक में मौलश्री, ज्योति गौरी और डॉ. प्रीती शामिल रहे। 'फ्राइडे सिनेरात्रि' का उद्देश्य फिल्म और फिल्म मेकिंग की आर्ट को समझाना है।

फिल्म फेस्टिवल से समाज में फिल्मों के प्रति मेंटल शिफ्ट और अवेयरनेस लाना है। डॉ. ज्योति गोरी ने बताया, फिल्म स्क्रीनिंग इवेंट के माध्यम से हम चाहते हैं, कि लोग शॉर्ट फिल्म मेकिंग जैसी आर्ट को समझें। हम हमारे स्पेस को आर्ट स्पेस के रूप में देखते हुए ऐसे इवेंट्स आगे करते रहेंगे, जिससे यंगेस्टर्स को मंच मिल सके

### पुखराज राणा ने नेट थिएट पर दी प्रस्तुति

## सिर पर मटके और बोतल के बैलेंस से चला भवई का जादू

**बेधड़क | जयपुर**



कलाकार ने जयपुर के मंच पर भवई डांस की ऐसी बानगी छेड़ी कि अन्य कलाकार भी उसे देखकर रोमांचित हो गए। सिर पर बोतल और मटका रखकर डांस का ऐसा तिलिस्म बांधा, जिसका तोड़ नहीं था। ये नजारा था नेट थिएट कार्यक्रमों की कड़ी में इंटरनेशनल भवाई कलाकार पुखराज राणा की प्रस्तुति का। राजेंद्र शर्मा ने बताया कि कलाकार पुखराज ने अपने सिर पर गिलास के ऊपर गिलास रखकर उस पर पानी से भरा घड़ा रखा और राजस्थानी लोक गीतों पर लोक भवाई का प्रदर्शन कर राजस्थान की संस्कृति की छटा बिखेरी। उन्होंने राजस्थान का सुप्रसिद्ध लोकगीत सागर पानी भरबा जाऊं सा, बिंजारो सुवटियो और ओळूं थारी आवे सा गीतों पर तलवार और कीलों पर लोक भवाई का शानदार प्रदर्शन किया।

इसके बाद उन्होंने बोतल के ऊपर पानी से भरे घड़े को रखा और राजस्थान की संस्कृति पर आधारित लोकगीतों की लड़ी पर अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों के दिलों पर अपनी छाप छोड़ी। कलाकार के साथ मुकेश राणा ने सहयोगी कलाकार के रूप में प्रदर्शन किया। कैमरा और लाइट मनोज स्वामी, संगीत सागर गढ़वाल और मंच सज्जा अंकित शर्मा नोनू व जितेश शर्मा की रही। इस मौके पर आए कला प्रेमियों ने कलाकार की इस प्रस्तुति को सराहा और उनको मोटिवेट किया। साथ ही युवा कलाकारों ने उनसे टिप्स भी लिए।

**गुरु पूर्णिमा** सोमवार को मनाया जाएगा पर्व, पूर्व संध्या पर आज भी होंगे कई आयोजन

# कहीं गुरु पादुकाओं का पूजन तो कहीं साक्षात लेंगे आशीष


**बेधड़क | जयपुर**

गुरु-शिष्य के आध्यात्मिक मिलन का पर्व गुरु पूर्णिमा सोमवार को मनाया जाएगा। इस दिन छोटी काशी में धार्मिक आयोजनों की धूम रहेगी। श्रीशुक संप्रदाय आचार्य पीठ सरस निकुंज में गुरु पूर्णिमा महोत्सव 2-3 जुलाई को मनाया जाएगा। प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि आयोजन की तैयारियां हो गई हैं।

परिसर को पुष्प, बधाई और शुभकामना के बांदरवाल से सजाया गया है। पहले दिन रविवार को बाहर के वैष्णव भक्त गुरु पूजन करेंगे। सोमवार को ठाकुर श्री राधा सरस बिहारी सरकार की विधिवत सेवा के बाद सुबह 7 बजे परंपरागत सेवा में विराजित आचार्यों की पादुका पूजन होगी। सुबह 8 बजे श्री शुक संप्रदाय आचार्य पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज श्री वेदव्यास के चित्रपट का पूजन करेंगे।

### काले हनुमानजी का होगा पुष्प श्रृंगार

चांदी की टकसाल स्थित काले हनुमान मंदिर में गुरु पूर्णिमा मनाया जाएगा। सुबह हनुमान महाराज को नवीन पोशाक धारण कराकर पुष्प श्रृंगार किया जाएगा। विविध व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। इसी प्रकार मानसरोवर स्थित श्रीचिंताहरण काले हनुमान मंदिर में महामंडलेश्वर मनोहरदास महाराज के सान्निध्य में महोत्सव होगा। इस मौके पर संत नारायण देवाचार्य महाराज के छायाचित्र पर सुगंधित फूलों की झांकी सजाई जाएगी। शिष्यों, भक्तों और राज्य की खुशहाली के लिए यज्ञ किया जाएगा।



### खोले के हनुमान मंदिर में विशेष तैयारी

श्रीखोले के हनुमान मंदिर गुरु पूर्णिमा महोत्सव के लिए विशेष तैयारी की गई है। महोत्सव सुबह 5 से रात 12 बजे तक मनाया जाएगा। हनुमानजी को गंगाजल से अभिषेक कर सिंदूर चौला चढ़ाया जाकर नवीन पोषाक धारण कराई जाएगी। सुबह 6 बजे ब्रह्मलीन गुरु राधेलाल चौबे की समाधि पर गंगाजल से व पंचामृत से अभिषेक किया जाकर 9 बजे तक भक्ती संगीत का आयोजन होगा। भक्तजन गुरु पूजन सुबह 6 से रात 12 बजे तक कर सकेंगे। शाम को 6 बजे से सामुहिक सुन्दरकाण्ड होगा



ईश्वर हम सब में है,
केवल अनुभव की देर है।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड ग्रुप एडिटर, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### केन्या: शिपिंग कंटेनर लेकर जा रही लॉरी ने कुचला, आधा दर्जन वाहन लिए चपेट में...

# भीषण सड़क हादसे में 51 की मौत, 38 घायल



एजेंसी । नैरोबी

पश्चिमी केन्या के लोंडियानी में भीषण सड़क हादसा सामने आया है। शुक्रवार शाम को हुए हादसे में 51 लोगों की मौत हो गई, जबकि 38 लोग घायल हो गए। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों ने इस बारे में जानकारी दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ये घटना तब हुई जब शिपिंग कंटेनर ले जा रही एक लॉरी सड़क से उतर गई और कई वाहनों से जा टकराई।

हादसे के बाद इसके कई वीडियो सामने आए हैं। इन वीडियो में क्षतिग्रस्त मिनीबसों और ट्रकों के साथ-साथ कारों और मोटरसाइकिलों के टूटे हुए टुकड़े दिखाई दे रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, क्षेत्रीय पुलिस कमांडर टॉम ओडेरा ने इस घटना के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इस हादसे में मरने वालों की संख्या 51 है।



### दूसरा ड्राइवर किसी तरह टक्कर से बचा

हादसे के समय वहां मौजूद एक ड्राइवर पीटर ओटीनो ने बताया कि मैंने उस तेज गति से आ रहे ट्रेलर को देखा। मैंने गाड़ी घुमाई और उसके टक्कर मारने से बच गया। उसने बताया कि मैंने अपनी आंखों से लगभग 20 शव देखे। इस दौरान कई अन्य शव भी वाहनों के नीचे थे। स्थानीय मीडिया ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया कि ट्रक मुख्य राजमार्ग से हट गया और कई वाहनों को टक्कर मारने के बाद इसने पैदल यात्रियों और व्यापारियों को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने वाहन के मलबे की तस्वीरें साझा कीं।

### लॉरी ने आधा दर्जन वाहन लिए चपेट में

केन्या रेड क्रॉस ने भी इसके बारे में जानकारी दी। रेड क्रास ने बताया कि लॉरी ने छह से अधिक वाहनों को टक्कर मारी। साथ ही, कई पैदल चल रहे यात्रियों को भी कुचल दिया। बता दें कि मरने वालों में कई युवा और व्यवसायी भी शामिल हैं। केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने इस हादसे पर दुख जताया है।

### जल रहा फ्रांस: सड़कों पर उतरे 50 हजार जवान

# हिंसा में 1311 गिरफ्तार

एजेंसी । पेरिस

फ्रांस की राजधानी पेरिस फिलहाल जल रहा है। यहां पुलिस की तरफ से एक किशोर को गोली मारे जाने की घटना के बाद लगातार तीसरे दिन लोगों ने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अवरोधक लगाकर सड़कों को अवरुद्ध कर दिया, आगजनी की और पुलिसकर्मियों पर पटाखे फेंके। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और पानी की बौछारें डाली।

फ्रांसीसी मीडिया ने बताया कि आंतरिक मंत्रालय ने अब कहा है कि कल रात पूरे फ्रांस में 1311 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। झड़प की घटनाओं में 200 से अधिक पुलिस अधिकारी घायल हो गए हैं। दोनों पक्षों के बीच तनातनी को लेकर यह शहर तीन दिनों से गरमाया हुआ है। गौरतलब है कि मंगलवार को यातायात जांच के दौरान 17 साल के नाहेल की हत्या का वीडियो भी सामने आया है। इस घटना ने देश को झकझोर कर रख दिया है और लोग काफी आक्रोशित हैं।



### सोशल मीडिया पर प्रतिबंध का प्रस्ताव

इस बीच फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शुक्रवार को माता-पिता से किशोरों को घर पर रखने का आग्रह किया और पूरे फ्रांस में फैल रहे दंगों को रोकने के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव रखा। वरिष्ठ मंत्रियों के साथ दूसरी आपात बैठक के बाद, मैक्रों ने कहा कि 'स्नैपचैट' और 'टिकटॉक' जैसे सोशल मीडिया मंचों ने इस सप्ताह हिंसा की गतिविधियों को बढ़ावा देने में भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार संवेदनशील कंटेंट को हटाने के लिए प्रक्रिया स्थापित करने के लिए प्रौद्योगिकी कंपनियों के साथ काम करेगी।

### मां बोली, 'मेरे इकलौते बच्चे को मार डाला'

नाहेल की मां मौनिया एम ने 'फ्रांस 5' टेलीविजन को बताया कि वह उस पुलिस अधिकारी से बहुत अधिक गुस्सा हैं, जिसने उनके इकलौते बच्चे को मार डाला। उन्होंने कहा, "मेरे बेटे को न्याय मिलना चाहिए।" उन्होंने कहा, "एक पुलिस अधिकारी अपनी बंदूक लेकर हमारे बच्चों पर गोली नहीं चला सकता, हमारे बच्चों की जान नहीं ले सकता।" इस घटना के बाद फ्रांस में हिंसक विरोध प्रदर्शन भड़क उठे और जगह-जगह आगजनी की घटनाएं हुईं तथा विरोध प्रदर्शन तीसरी रात भी जारी रहा।

### इंडोनेशिया में 5.8 की तीव्रता का भूकंप... एक महिला की मौत

# लोग दहशतजदा, 93 इमारतें क्षतिग्रस्त

एजेंसी । योग्याकार्ता

इंडोनेशिया में शुक्रवार रात को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए और इसके चलते एक महिला की मौत हो गई, दो व्यक्ति घायल हो गए, जबकि बड़ी संख्या में मकान क्षतिग्रस्त हो गए। लोग दहशत में हैं। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने शुक्रवार को बताया कि भूकंप की तीव्रता 5.8 थी और इसका केन्द्र बामबनगलीपुरो से 84 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में था। यह स्थान योग्याकार्ता प्रांत के बंतुल में स्थित है। इंडोनेशिया की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहरी ने बताया कि बंतुल में भूकंप आने के बाद घबरा कर भाग रही 67 वर्षीय बुजुर्ग महिला की गिरने से मौत हो गई और कम से कम दो अन्य लोग घायल हो गए। मुहरी ने बताया कि भूकंप से कम से कम 93 मकान और इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं, इनमें योग्याकार्ता तथा ईस्ट जावा के स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र, उपासना स्थल तथा सरकारी प्रतिष्ठान शामिल हैं। टेलीविजन पर प्रसारित एक वीडियो में यहां के और सेंट्रल जावा के लोग भय के चलते भागते दिखे, क्योंकि भूकंप के कारण इमारतें कई सेकंड तक हिलती रहीं। इंडोनेशिया के मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भूभौतिकीय एजेंसी ने कहा कि भूकंप से सुनामी की कोई आशंका नहीं है, लेकिन अभी और झटके आने की आशंका व्यक्त की।

### पाक: वजीरिस्तान में छह आतंकी ढेर

**पेशावर**। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में कम से कम छह आतंकी मार गिराए। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा आईएसपीआर ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के टैंक जिले के मंजई क्षेत्र में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच गोलीबारी हुई जिसमें तीन आतंकी मारे गए। आईएसपीआर के मुताबिक मारे गए आतंकियों के पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया।

# बाइडेन ने कहा, 'देंगे छात्र ऋण की अन्य वैकल्पिक योजना'

एजेंसी । वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा छात्र ऋण के अरबों डॉलर माफ करने की उनकी योजना को खारिज करने के बाद शनिवार को छात्रों को राहत के लिए एक वैकल्पिक योजना पेश करने का भरोसा दिया। बाइडेन ने कहा कि आने वाले हफ्तों में छात्र ऋण के भुगतान की आवश्यकता होगी, लेकिन वह उच्च शिक्षा अधिनियम के तहत एक नया कार्यक्रम शुरू करने पर काम करेंगे, जो छात्र ऋण भुगतान से चूक के खतरे को कम करने के लिए तैयार किया जाएगा।

उच्चतम न्यायालय के फैसले के कुछ घंटों बाद बाइडन द्वारा व्हाइट हाउस से की गई इस टिप्पणी को अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के मद्देनजर अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। गौरतलब है कि इससे पहले बाइडेन प्रशासन ने लाखों संघीय छात्र ऋण को रद्द करने या इसे कम करने के लिए 400 अरब अमेरिकी डॉलर की योजना का प्रस्ताव किया था।


### पानी की बूंद से भी छोटा 'उल्कापिंड'

# जुड़े हो सकते हैं एलियंस की दुनिया से

एजेंसी । वॉशिंगटन।

हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के खगोलशास्त्री एवी लोएब ने एक रहस्यमय खोज की है। इस खोज अभियान में उन्होंने प्रशांत महासागर की गहराई से एक अनोखी चीज को निकाला है। उनका मानना है कि शायद ये चीज 'एलियन दुनिया' से जुड़ी हो सकती है।

उनका मानना है कि उन्होंने पहली बार धरती पर किसी इंटरस्टेलर चीज के अवशेष खोजे हैं। इंटरस्टेलर हमारे सौरमंडल के बाहरी अंतरिक्ष को कहा जाता है। साल 2014 में आईएम 1 नाम का एक रहस्यमय उल्कापिंड पापुआ न्यू गिनी के तट पर गिरा था। प्रोफेसर लोएब मानते हैं कि यह एलियन टेक्नोलॉजी हो सकती है।



### 50 गोलाकार बूंदों के आकार की चीज मिली

प्रोफेसर लोएब की टीम ने 50 गोलाकार बूंदों के आकार की चीज खोजी, जिनका व्यास लगभग आधा मिलीमीटर था। ये छोटी-छोटी गोलाकार चीजें पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करने के बाद गर्म होकर उल्कापिंड से निकली हैं। प्रोफेसर लोएब की टीम ने समुद्र की सतह पर एक बड़े चुंबक के जरिए इस चीज को खोजा है। इनका भार 35 मिलीग्राम है। उनका मानना है कि ये गोले संभवतः स्टील-टाइटेनियम मिश्र धातु से बने हैं।

### एलियन से संबंध

इन बूंदों की विशेष तरह की धातु के कारण लोएब मानते हैं कि यह किसी एलियन सभ्यता का बनाया हो सकता है या फिर यह इंटरस्टेलर स्पेस से आया है। उनका कहना है कि अभी इसके जांच की जरूरत है। लोएब अब विश्वविद्यालय के गैलीलियो प्रोजेक्ट की टीम का नेतृत्व करते हैं, जिसका लक्ष्य दुनिया भर में ओपन सोर्स वेधशालाएं स्थापित करना है। ये वेधशालाएं यूफओ और इंटरस्टेलर चीजों से जुड़े संकेत खोजेंगी।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl